ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के देवरी गांव की घटना, विद्युत विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही से चार दिनों के भीतर दो युवकों की करंट लगने से हुई मौत

# खम्भे में चढ़कर हेल्पर कर रहा था बिजली सुधार कार्य, करंट लगने से गिरा नीचे, हुई मौत

**ढीमरखेड़ा।** विधुत विभाग के कर्मचारियों की लापरवाही से ढीमरखेड़ा क्षेत्र में चार दिनों के भीतर दो युवकों की मौत करंट लगने से हो गई। रविवार को ढीमरखेड़ा थाना क्षेत्र के देवरी गांव में बिजली सुधार कार्य के लिए खम्भे में चढ़े युवक के करंट के चपेट में आने से मौत हो गई।इसके पहले बुधवार को उमरियापान थाना क्षेत्र के पिपरिया सहलावन में भी बिजली सुधार कार्य के लिए खम्भे में चढ़े एक युवक की करंट लगने से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक ढीमरखेड़ा विधुत उपकेंद्र अंतर्गत मुरवारी फीडर के देवरी गांव में बाजार के पास लगे विधुत खम्भे में चढ़कर सनकुई निवासी कृष्ण कुमार पिता सोने लाल पटेल (35) जंफर का सुधार कार्य कर रहा था। इसी दौरान युवक करंट की चपेट में आ गया और उसकी मौत हो गई। आनन फानन युवक को उमरियापान अस्पताल लाया गया। जहा डॉक्टरों ने मृत बता दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई करते हुए युवक की लाश का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। एसआई मुन्ना लाल करण ने बताया कि मृतक युवक कृष्ण कुमार पटेल लाइनमैन नारायण पटेल के साथ हेल्पर के रूप में काम करता था।देवरी में बिजली सुधार कार्य करते समय हेल्पर करंट की चपेट में आ गया। खम्भे से नीचे गिरने पर सिर पर चोट आई और उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच में जुटी है।वहीं ढीमरखेड़ा सहायक अभियंता चंचल गुप्ता ने बताया कि करंट लगने से मौत हुई है। क्या स्थिति निर्मित हुई, मामले की जांच की जा रही है।



### लाइनमैन निलंबित

-देवरी में करंट लगने से हुई युवक की मौत के बाद विधुत विभाग के अधिकारियों ने ढीमरखेड़ा के मुरवारी लाइनमैन नारायण पटेल की लापरवाही उजागर होने के बाद उसे निलंबित कर दिया है। लाइनमैन को बहोरीबंद के बचैया में अटैच कर दिया है।

### शव रखकर सड़क पर प्रदर्शन, लिखित आश्वासन के बाद माने परिजन

घटना के दूसरे दिन सोमवार सुबह मृतक के परिजनों ने मुआवजे की मांग को लेकर सनकुई मुख्य मार्ग पर शव रखकर प्रदर्शन शुरू किया। गांव के ग्रामीण भी एकजुट हो गए।सड़क पूरी तरह से जाम हो गई। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ प्रदर्शन दोपहर करीब 2 बजे तक जारी रहा।मौके पर ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान सहित ढीमरखेड़ा और उमरियापान पुलिस थाना का बल तैनात रहा।सड़क पर प्रदर्शन होने से दोंनो तरफ जाम की स्थिति बनी रही। लोंगों का आवागमन बाधित रहा।सड़क पर हो रहे प्रदर्शन की जानकारी लगते ही विधुत विभाग के ग्रामीण कार्यपालन अभियंता व्ही के सिंह, सहायक अभियंता चंचल गुप्ता और कनिष्ठ अभियंता वीरेन्द्र सिंह उइके भी सनकुई गांव मौके पर पहुँचे। मृतक के परिजनों ने 15 लाख रुपये और परिवार के एक सदस्य को कारी दिलाने की मांग किया। अधिकारियों और मृतक के परिजनों के बीच बात नहीं बनी तो ग्रामीण भी सड़क पर ही डटे रहे।हालांकि बिजली विभाग के अधिकारियों ने चार लाख रुपये की मुआवजा राशि दिलाने की बात कही। लेकिन परिजनों ने मौखिक आश्वाशन को नहीं माना। जिसके बाद बिजली विभाग के अधिकारियों ने मृतक के परिजनों को चार लाख रुपये मुआवजा राशि दिलाने लिखित में आश्वाशन दिया। अंत्योष्टि सहायता के रूप में 50 हजार रुपये नगद दिए।वहीं ढीमरखेड़ा थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने उक्त मामले की स्पष्ट जांच करते हुए कार्रवाई करने की बात कही। तब कही जाकर मृतक के परिजनों के अलावा ग्रामीणों ने अधिकारियों की बात मानी। सड़क खोला और मृतक का गमगीन माहौल में विधिवत अंतिम संस्कार किया।

## खबर संक्षेप

### खाद्य सुरक्षा दल ने किया रोहित स्वीट एवं बेकरी का निरीक्षण



**कटनी।** कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत वर्षा ऋतु के दृष्टिगत खाद्य ,पेय पदार्थो में स्वच्छता एवं गुणवत्ता संबंधी जांच हेतु एसडीएम प्रदीप मिश्रा, तहसीलदार एस बी सिंह की उपस्थिति में माधव नगर स्थित रोहित स्वीट एवं बेकरी में निरीक्षण किया गया।खाद्य सुरक्षा अधिकारी देवकी सोनवानी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान निर्माण स्थल में नियमानुसार साफ-सफाई नही पाई गई।इस हेतु अधिनियम की धारा 32 के तहत नोटिस दिया जा रहा है।मौके पर फैक्ट्री में निर्माण किए जा रहे पाव ब्रेड, खारा मीठा,क्रीम रोल एवं बेकरी में उपयोग किए जाने वाली क्रीम का नमूना मानक स्तर की जांच हेतु लिया गया जो राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल भेजा जा रहा है।

रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कारवाई की जावेगी । सूचना सुधार नोटिस का नियमानुसार 14 दिवस में पालन नहीं करने पर लाइसेंस सस्पेंड की कारवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा कलेक्टर के निर्देशानुसार सतत कार्रवाई जारी है।

### एम.जी.एम. फाउण्डेशन कटनी ने किया पौधारोपण



**कटनी।** एम.जी.एम. फाउण्डेशन कटनी की अध्यक्ष डॉ. मानसी गुप्ता ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कैलवारा जिला कटनी में विद्यालय के प्राचार्य नरेन्द्र प्रसाद गुप्ता के साथ मिलकर 60 वृक्ष आम, बिही, जामुन, आंवला, अशोक, शीशम, कटहल, आम के पौधे लगाकर वृक्षा रोपण किया। डॉ. मानसी गुप्ता द्वारा समय-समय पर पर्यावरण सुरक्षा हेतु वृक्षा रोपण किया जाता रहा है। फाउण्डेशन के अध्यक्ष ने बताया है कि वर्ष 2024 में 1000 वृक्षा रोपण का लक्ष्य रखा गया है जो कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में किया जाना है। डॉ. मानसी गुप्ता द्वारा एम.जी.एम. हॉस्पिटल में निःशुल्क तम्बाकू छुड़वाने का भी निरंतर प्रयास किया जा रहा है एवं तम्बाकू छुड़वाने के लिए निःशुल्क परामर्श भी दिया जाता है।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजना में 40 जोडे परिणय सूत्र में आबद्ध



निगम अध्यक्ष मनीष पाठक भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन पार्षद गण वैवाहिक कार्यक्रम के बने साक्षी, सभी ने दिया शुभ आशीर्वाद

**कटनी।** मुख्यमंत्री कन्यादान निकाय योजना अंतर्गत 15 जुलाई दिन सोमवार को प्रातः10 बजे से नगर पालिक निगम परिसर में निगम महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी निगम अध्यक्ष श्री मनीष पाठक भाजपा जिला अध्यक्ष श्री दीपक सोनी टंडन की गरिमामयी उपस्थिति में 40 जोडो का पूरे हिंदू रीति रिवाजों के अनुसार विवाह संपन्न कराया गया। गायत्री शक्तिपीठ के पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के साथ नवयुगल दम्पत्ति को वैवाहिक रस्में अदा करायी गयी जयमाला के अग्नि देव को साक्षी मानकर सातफेरों के साथ वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न हुआ।

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना अंतर्गत वैवाहिक कार्यक्रम में नगर पालिक निगम महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी निगम अध्यक्ष श्री मनीष पाठक भाजपा जिला अध्यक्ष दीपक सोनी टंडन डीडी बैनर्जी श्री सुनील उपाध्याय श्री सत्यनारायण अग्रहरि पार्षद शिब्बू साहू पूर्व महापौर श्रीमति आशा कोहली पूर्व पार्षद श्रीमति रिचा गलानी पार्षद शशिकांत तिवारी डब्बू रजक सुरेन्द्र गुप्ता सहित निगम पार्षद गण एवं अधिकारी कर्मचारियों ने नवयुगल दम्पत्ति को शुभाशीष दिया।

### उज्जवल भविष्य की कामना

मुख्यमंत्री कन्यादान निकाय योजना अंतर्गत नगर निगम परिसर में आयोजित वैवाहिक कार्यक्रम के अवसर पर महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डा श्री मोहन यादव भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो संसदीय क्षेत्र के सांसद श्री बीडी शर्मा जी द्वारा शासन स्तर पर विभिन्न योजनाओं को संचालित किया जा रहा है जिससे हर वर्ग के लोग लाभान्वित हो रहे है। मुख्यमंत्री कन्यादान निकाय योजना में ऐसे गरीब निर्धन परिवार को घर परिवार बसाने का सपना साकार हो रहा है जो विवाह के महंगे खर्चे को पूरा नहीं कर पाते शासन द्वारा वैवाहिक बंधन में प्रत्येक जोडों को उपहार दिये जाते थे लेकिन अब इसमें संशोधन करके हर जोडे के बैंक खाते में सीधे 49000 रूपये स्थानांतरित किये जायेगे जिससे वे गृहस्थी के जरूरी सामान को खरीद सके। महापौर ने कहा कि शासन द्वारा प्रकृति का संतुलन बनाये रखने के लिये भी शासन द्वारा कदम उठाया गया है जिसमे वृहद स्तर पर पौधरोपण की योजना बनयी गयी है एक पौधा मां के नाम अभियान समूचे प्रदेश में चलाया जा रहा है। महापौर ने सभी से अपील कि है एक पौधा का रोपण कर उसे सुरक्षित और संरक्षित किया जाये।

इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री दीपक टंडन ने कहा कि भाजपा शासन द्वारा विवाह से लेकर हर क्षेत्र में हर वर्ग का ख्याल रखा जा रहा है। कार्यक्रम में निगम अध्यक्ष मनीष पाठक ने कहा शासन की मुख्यमंत्री कन्यादान योजना शासन द्वारा संचालित योजना में सैकडो परिवार के घरों में विवाह की खुशहाली छा जाती है। उन्होंने आज वैवाहिक परिणयसूत्र में आबद्ध नवयुगल दम्पत्ति के जीवन खुशहाल जीवन की कामना की।

इस मौके पर एमआईसी सदस्य बीना बैनर्जी, तुलसा बेन, डॉ. रमेश सोनी, अवकाश जायसवाल, पार्षदगण शकुन्तला सोनी, प्रभा गुप्ता, सुमित्रा रावत, ओमप्रकाश बल्ली सोनी, उमेन्द्र अहिरवार, सचिन बहरे, राजेश भास्कर, सुखदेव चैधरी, श्याम पंजवानी, उपायुक्त पवन कुमार अहिरवार, राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक, योजना प्रभारी रविशंकर पाण्डेय एवं निगम के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी ने नवयुगल दम्पतियों को दिया आशीर्वाद





## मुस्लिम धर्मावलंबियों ने निकाला अली गोल का जुलूस, आज शहादत की रात

**कटनी।** पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे इमाम हुसैन की शहादत के मातमी पर्व को लेकर मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्रों में साज-सजावट की गई है। उधर ताजियों का निर्माण अंतिम दौर पर है। मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष मोहसिन खान ने बताया कि मोहर्रम की 8 तारीख 15 जुलाई को शाम 5 बजे से सभी मोहल्ले से अली गोल का जुलुश निकला और दिलावर चौक में एकत्रित होकर दिलावर चौक से नगर निगम रोड से होता हुआ सुभाष चौक से अल्फर्ट गंज गली से मघई मंदिर से निकलता हुआ कमानिया गेट के सामने से होता हुआ झन्डा बाजार, रूई मंडी के सामने से होता हुआ गांधी द्वार के सामने से होता हुआ पोस्ट आफिस के सामने वाली गली में निकला और मुस्लिम गली के अंदर से होता हुआ मीट मार्केट दिलावर चौक पर समापन हुआ । आज मोहर्रम की 9 तारीख 16 जुलाई शहादत की रात है। रात 1 बजे से रात्रि 1.30 बजे के बीच समस्त ताजिये, सवारी व अखाड़े ढोल दिलावर चौक में एकत्रित होकर रजा चौक मौला चौक से नगर निगम के सामने से होता हुआ कमानिया गेट जायेगा, वहां सवारिया सुभाष वार्ड के मोहल्ले में जायेगी, वहां मघई मंदिर से होते हुये कमानिया गेट पहुंचेगा। खिरहनी फाटक क़े ताजिया भी कमानिया गेट पहुंचेगा। लगभग दो घण्टे मजमा स्व. गुलाम भाई की दुकान के सामने रूकेगा। इसके बाद सुभाष चौक व थाने से होता हुआ दिलावर चौक आयेगा और वहीं पर जुलूस का समापन होगा।



# कमिश्नर वर्मा ने की विभागीय योजनाओं की समीक्षा

**कटनी।** संभागीय कमिश्नर अभय वर्मा ने विभिन्न विभागों की विभागीय समीक्षा की। जिसमें उन्होंने मुख्य रूप से स्वास्थ्य विभाग की गतिविधियों के संबंध में समीक्षा करते हुये आरसीएच पोर्टल में गर्भवती महिलाओं का पंजीयन, हाईरिस्क प्रेगनेंसी, संस्थागत प्रसव के संबंध में जानकारी ली और कहा कि संभाग में जितने भी डिलेवरी पाइंट है उन्हें क्रियाशील करें और एएनएम, आशा कार्यकर्ता और आंगनवाड़ी तीनों मिलकर कार्य करें। एनआरसी, एसएनसीयू, आरबीएसके, टीकाकरण व परिवार कल्याण कार्यक्रम की समीक्षा भी की।

डेंगू मलेरिया से बचाव व रोकथाम, डायलेसिस, सीटी स्केन, एमआरआई, कुष्ठरोग व अंधत्व निवारण कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली

दवाईयों की उपलब्धता, डेंगू मलेरिया से बचाव व रोकथाम, डायलेसिस, सीटी स्केन, एमआरआई, कुष्ठरोग व अंधत्व निवारण कार्यक्रम के बारे में जानकारी ली। बैठक में उन्होंने कहा कि संभाग में संचालित टेस्टिंग लैब सही ढंग से कार्य करे। साथ ही मिलावट व अमानक खाद्य पदार्थों के संबंध में सघन जांच जारी रखें। उन्होंने आयुष विभाग की समीक्षा करते हुये कहा कि पंचकर्म, आयुष्मान आरोग्य मंदिर आदि को सक्रिय करें। आधुनिक आयुर्वेदिक उपचार पद्धति से आम जन को भी परिचित करायें। बैठक में मत्स्य विभाग और पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिये।

### एनपीएस के विरुद्ध रेल मजदूर संघ का हस्ताक्षर अभियान आज से

**कटनी।** रेल युवा कर्मचारियों के लिए अभिषाप बन चुकी एनपीएस के मामले में वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ ने युद्ध स्तर पर लडाई लड़ने का फैसला लिया है। संयुक्त महामत्री व संघ प्रवक्ता सतीष कुमार ने बताया कि विगत 11 जुलाई 2024 को कोटा में संघ की सीईसी की बैठक में अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय व महामंत्री अशोक शर्मा की अगुवाई में 5 संकल्प पारित हुए। संकल्प पत्र में एनपीएस रद्ध करने तक चैन नही, एलडीसीई ओपन टू ऑल, सभी नई भर्तीया केवल ट्रेकमेंटेनर्स में, हार्डशिप अलाउंस सभी केटेगरिज को, आठवे वेतन आयोग का गठन को लेकर संघ 16 जुलाई को दोपहर 3 बजे, पमरे महाप्रबंधक कार्यालय से संकल्प यात्रा प्रारंभ करेगे। संकल्प यात्रा के दौरान उक्त 5 संकल्प पत्र पर रेल कर्मचारियों से हस्ताक्षर अभियान चलाकर हस्ताक्षर करवाकर खुला पत्र रेल मंत्री को सौपेगे।

### रेलवे का स्वच्छता पर विशेष फोकस

पश्चिम मध्य रेलवे द्वारा स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। रेलवे ट्रेक, कोचिंग यार्डो और रेल मार्गो पर कचरा फेंकने वालों पर रेल प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है। रेल प्रशासन द्वारा प्रमुख स्टेशनों की लगातार साफ सफाई करते हुए कचरों का उचित तरीके से निष्पादन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेल के तीनों मण्डलों जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के प्रमुख स्टेशनों पर क्लीन ट्रेन स्टेशन योजना के तहत लम्बी दुरी की गाड़ियों की साफ-सफाई की जा रही है। इसके साथ ही क्लीन ट्रेन स्टेशन के अलावा भी अन्य स्टेशनों पर कूड़ा उतारने की व्यवस्था की गई है। रेलवे प्रशासन द्वारा पमरे से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली एवं गुजरने वाली ट्रेनों के पैंट्रीकार से किसी अनाधिकृत स्थान पर कूड़ा फेंकने की घटना प्रकाश में आती है तो उस पर तत्काल कड़ी कार्यवाही की जाती है।

# एनकेजे थाना क्षेत्र की घटना, अधिकारियों से नहीं पहुंचने से रहा आक्रोश



### नर्सरी में चौकीदार की मिली लाश, हत्या के लगाये आरोप

**कटनी।** सोमवार की सुबह एनकेजे थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली वन विभाग की सरसवाही नर्सरी में वहीं पर काम करने वाले चौकीदार की अर्धनग्न अवस्था में लाश पाई गई। मृत अवस्था में पाए गए चौकीदार के शरीर पर चड्डी के अलावा और कोई भी वस्त्र मौजूद नहीं था। जहां पर उसकी लाश पड़ी हुई है वहां पर घसीटने के निशान भी मौजूद हैं। घटना की सूचना मिलते ही गांव में हड़कंप की स्थिति निर्मित हो गई। आनन फानन में घटनास्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों और परिजनों ने चौकीदार की हत्या कर पंप हाउस में लाश फेंके जाने की आशंका जताई है। जानकारी देते हुए स्थानीय लोगों ने बताया कि सुबह 7 बजे घटना की सूचना एनकेजे पुलिस और वन विभाग के रेंजर को दे दी गई, लेकिन खबर लिखे जाने तक ना तो वन विभाग के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे और ना ही एनकेजे थाने का स्टाफ। औपचारिकता पूरी करने के लिए 100 नंबर की एक गाड़ी एनकेजे थाने के द्वारा भेज दी गई है। पुलिस और वन विभाग की गैर मौजूदगी के कारण लोगों में आक्रोश उत्पन्न हो रहा है।

प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि सरसवाही निवासी 45 वर्षीय अजय पिता स्वर्गीय राम शंकर त्रिपाठी वन विभाग की सरसवाही नर्सरी में चौकीदारी का काम करता था। वह रात में नर्सरी में चौकीदारी कर रहा था। सुबह उसका शव नर्सरी के पंप हाउस में पाया गया। उसके पैर में करेंट लगाकर जलाने के निशान भी मौजूद हैं, इसके साथ ही पीठ में भी लम्बे लम्बे निशान हैं। अजय के बाकी कपड़े दूर एक बाल्टी में रखे हुए हैं। स्थानीय लोगों और परिजनों ने आशंका व्यक्त करते हुए कहा कि जिस तरह अजय के पैर और पीठ में जलाने के निशान है, उससे यह साफ जाहिर होता है कि उसकी करंट लगाकर हत्या की गई है। उन्होंने कहा कि अजय की हत्या कहीं और की गई है और उसकी लाश को उठाकर पंप हाउस में ठिकाने लगा दिया गया है। पंप हाउस में घसीटने के निशान भी मौजूद हैं। इससे इस बात से कतई इंकार नहीं किया जा सकता कि उसकी हत्या कहीं और करने के बाद पंप हाउस में लाकर फेंका गया है।

स्थानीय ग्रामीण एवं परिजनों ने कहा कि घटना की सूचना 7 बजे एनकेजे थाने एवं वन विभाग के रेंजर को प्रदान कर दी गई, लेकिन घंटों तक ना तो एनकेजे थाने के अधिकारी कर्मचारी और ना ही वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे हैं। औपचारिकता करने के नाम पर एनकेजे थाना की एक 100 नंबर की गाड़ी वहां अब जाकर आई है। जिसमें एक ड्राइवर और एक अन्य कर्मचारी मौजूद है। पुलिस और वन विभाग के द्वारा की गई उपेक्षा से स्थानीय लोगों और परिजनों में आक्रोश व्याप्त है।

## खबर संक्षेप

### सोता रहा परिवार और चोरो ने साफ कर दिया घर

**कटनी**। ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रिय चोर आये दिन वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। गत दिवस स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत राखी गांव में चोरों ने वारदात को अंजाम दिया। पूरा परिवार घर में सोता रहा और चोर रात के अंधेरे में घर से तीन लाख के नकदी व जेवरात लेकर फरार हो गए। सुबह परिवार के सदस्य उठे, तो उन्हे वारदात का पता चला। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची, एफआईआर दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है। पुलिस ने बताया है कि राखी गांव निवासी राम मिलन नायक (62) घर के बरामदे में सो रहे थे और अन्य परिजन घर के अंदर सो रहे थे। रात के वक्त ही चोरों ने दरवाजे का कुंदा तोड़ा और घर में प्रवेश कर गए। इस दौरान सभी गहरी नींद में थे। चोरों ने कीमती समान, जेवरात व नकदी पर हाथ साफ किया और फरार हो गए। सुबह तक किसी को भनक तक नहीं लगी। जब परिजनों की नींद खुली, तो वारदात की जानकारी हुई, स्थिति का आंकलन किया, तो करीब 3 लाख की चोरी हो चुकी थी। बताया गया है कि डेढ़ लाख की नकदी चोर ले गए हैं। वहीं डेढ़ लाख कीमत के मोबाइल, सोने की झुमकी, मंगलसूत्र, बिछिया सहित करीब अन्य सामान ले उड़े हैं।

### केंद्र के समान मिले भत्ता

**कटनी**। मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ कटनी के मीडिया प्रभारी मोहित बर्मन ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि 15 जुलाई को संघ के समस्त विभागों मे कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को केंद्र के समान गृह भाड़ा भत्ता पुनरीक्षित कर सातवां वेतनमान के अनुरूप देने हेतु एक सूत्रीय मांग का ज्ञापन डिप्टी कलेक्टर विवेक गुप्ता को सौंपा। संघ के पदाधिकारियों ने कलेक्टर से कर्मचारियों की समस्याओं, स्थाई कर्मी के वेतन हेतु बजट आवंटन, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को शासकीय आवास आवंटन उपलब्ध कराने जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री बैठक आयोजित करने, वृक्षारोपण कार्यक्रम के संबंध में चर्चा की गई जिसके शीघ्र निराकरण हेतु आश्वासन दिया है।

### वायुदूत एप एवं पंजीयन प्रक्रिया की दी जानकारी

**कटनी**। जिले में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति कृतज्ञता के लिए एक पेड़ अवश्य लगायें। अभियान के तहत जिले में नागरिक एक पौधरोपण कर अपनी सहभागिता निभायें। सहभागिता हेतु प्रतिभागी रोपे गये पौधों को वायुदूत एप में अपलोड करें। वायुदूत एप एवं पंजीयन की प्रक्रिया में गूगल प्ले स्टोर से वायुदूत- अंकुर एप को डाउनलोड करें। एप डाउनलोड करने के पश्चात इच्छित भाषा हिंदी, अंग्रेजी का चयन करें। नागरिक लॉगिन पर क्लिक करें, मोबाइल नंबर दर्ज कर लॉगिन करें, पंजीकृत मोबाइल नंबर पर ओटीपी प्राप्त कर वेरीफाई कर तथा पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण करें। वेरिफिकेशन उपरांत नया वृक्षारोपण- न्यू प्लेटफार्म पर क्लिक करें। उपलब्ध सूची में से पौधों की प्रजाति का चयन करें। इसके बाद रोपित प्रजाति उपलब्ध न होने पर अदर पर क्लिक करें तथा रोपित की जाने वाली प्रजाति का नाम अंकित करें।

### टीएल बैठक में कलेक्टर ने की योजनाओं और विभागीय कार्यो की समीक्षा

# लक्षित प्रगति कम होने पर बीएमओ को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत जिले में आयोजित हो रहे पौधारोपण कार्य में गति लावें तथा रोपे गए पौधे को अंकुर एप में जरूर अपलोड करें । यह निर्देश कलेक्टर अवि प्रसाद नें सोमवार को आयोजित समय-सीमा की बैठक के दौरान अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने आकांक्षी विकासखंड कार्यक्रम के तहत चयनित संकेतकों की प्रगति की समीक्षा विकासखंडवार की जाकर 20 प्रतिशत से कम प्रगति पाये जाने पर बीएम ओ रीठी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। समय -सीमा की बैठक में कलेक्टर श्री प्रसाद ने शासकीय योजनाओं एवं विभागीय कार्यो की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को शासन मंशानुरूप निर्धारित समयावधि में योजनाओं के क्रियान्वयन की हिदायत अधिकारियों को दी।



#### लंबित न्यायालयीन प्रकरणों में प्रस्तुत करें जवाबदावा

बैठक में कलेक्टर श्री प्रसाद ने उच्च न्यायालय में लंबित लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के अवमानना के प्रकरणों, राजस्व विभाग के स्थापना के प्रकरणों तथा अन्य विभागों के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों पर गंभीरता से कार्यवाही करते हुए जवाबदावा प्रस्तुत करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिए गए।

#### आंगनबाड़ी करें शिफ्ट

जिले में अधूरे 84 आंगनबाड़ी निर्माण कायो में से पूर्ण किये जा चुके आंगनबाड़ी निर्माण कार्यो एवं उनके हैण्ड ओवर एवं टेकओवर की प्रक्रिया की समीक्षा के दौरान सप्ताहिक प्रगति एवं हैंडओव्हर की गई आंगनबाडियों की जानकारी लेते हुए उनमें शीध्र ही आंगनबाड़ी शिफ्ट करने की कार्यवाही कराने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह को दिए।

जिले के ग्रामीण अंचलों में शासकीय संस्थाओं को ऑप्टिकल फाइबर केबल के माध्यम से जोड़ने से बीएसएनएल विभाग द्वारा की गई कार्यवाही की जानकारी चाहे जाने पर बताया गया कि प्रथम फेज के तहत अभी तक कटनी एवं रीठी में कार्यवाही की गई है। जिस पर कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा अन्य ग्रामीण अंचलों में भी कार्यवाही प्रारंभ करने तथा सूची प्रदान करने तथा उक्त कार्यवाही हेतु के निर्देश उपस्थित बी.एस.एन.एल प्रतिनिधि को दिए गए।

#### राशन दुकानों की करें जांच

कलेक्टर श्री प्रसाद नें प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजनांतर्गत के तहत शासकीय उचित मूल्य दुकान सह गोदाम निर्माण की कार्यवाही हेतु जिला आपूर्ति अधिकारी एवं जनपद पंचायतों के सीईओ को ग्रामों में दुकान विहीन राशन दुकानों की जांच करते हुए योजना के तहत नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने बैठक के दौरान पीएम जनमन योजना की समीक्षा की जाकर लंबित 17 हितग्राहियों के ई-के.वाय.सी कार्य तथा 3 हितग्राहियों के आधार कार्ड बनाने की कार्यवाही हेतु ई-गवर्नेंस अधिकारी सौरभ नामदेव एवं जिला संयोजक आदिम जाति पूजा द्विवेदी को निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत वर्ष 2022-23 मे चयनित 619 ग्रामों की व्ही.डी.पी बनाये जाने की कार्यवाही करनें तथा इस हेतु शीघ्र ही बैठक आयोजित करने के निर्देश जिला संयोजक आदिम जाति को दिए गए।

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा जिले में खाद्यान के उठाव एवं आवंटन की समीक्षा की जाकर कार्य सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए आगामी 20 जुलाई को अन्न दूत योजना की बैठक आयोजित करने के निर्देश डीएम नान को दिए। कलेक्टर द्वारा जिला स्तरीय दूरभाष समिति द्वारा कॉल बिफोर यू डिंग के उपयोग हेतु जिले में की गई कार्यवाही की जानकारी ई गवर्नेंस जिला प्रबंधक सौरभ नामदेव से ली जाकर इस संबंध में जानकारी प्राप्त कर लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी विभाग को चयनित करते हुए कार्यवाही प्रारंभ करने सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा कर समय -सीमा में आवश्यक कार्यवाही करने हेतु विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया।



# एक पेड़ मां के नाम के तहत किया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

सोमवार को शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत वृहद पोधारोपण किया गया। बड़वारा विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह व जन भागीदारी समिति अध्यक्ष सोनेलाल साहू की उपस्थिति में शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में जन प्रतिनिधियों व गणमान्य जनों तथा महा विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती रोशनी पांडेय व स्टाफ की मौजूदगी में पौधाारोपण किया गया।

विधायक ने कहा कि पौधे लगाकर पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सकता है अतः सभी को बृक्ष लगाना चाहिए। जन भागीदारी समिति अध्यक्ष गुड्डु साहू ने कहा बृक्ष का मानव जीवन मे अहम स्थान है। बृक्ष पर्यावरण को संरक्षित रखते हैं। मानव को प्रदूषण रहित आक्सीजन बृक्षों के माध्यम से ही प्राप्त होती है इसलिए सभी उपस्थित गणमान्य जनों से बृक्ष लगाकर पर्यावरण को सुरक्षित रखने हेतु आह्वान किया जाता है। इस दौरान बड़वारा विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह, महाविद्यालय बड़वारा के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष सोनेलाल,महाविद्यालय बड़वारा की प्राचार्य श्रीमति रोशनी पांडे , प्रोफेसर लवकुश सिंह , हर्ष द्विवेदी , महेंद्र जायसवाल , मानव जीवन विकास समिति से निर्भय सिंह एवं छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे।

*साइबर तहसील से मामलों का शीघ्र होने लगा है निराकरण*

# सायबर तहसील ने राजस्व विभाग की सेवाओं को बनाया अधिक जनहितैषी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राजस्व विभाग की सेवाओं के प्रदाय को सायबर तहसील के माध्यम से अधिक जनहितैषी बनाया गया है। सायबर तहसील के माध्यम से नामांतरण की सेवा में मानवीय हस्तक्षेप आंशिक करते हए, नामांतरण प्रकरणों का न्यूनतम समय में निराकरण करने एवं नामांतरण आदेश उपरांत भू-अभिलेखों में अमल सुनिश्चित करने, सत्यापित भू-अभिलेखों की प्रति नागरिकों को रियल टाइम में उपलब्ध कराने में सहायक हुई है। प्रदेश में 29 फरवरी 2024 से सभी जिलों में सायबर तहसील परियोजना लागू की गई है।

प्रदेश में सायबर तहसील की स्थापना के पूर्व रजिस्ट्री के उपरांत नामांतरण कराये जाने एवं उसका अमल भू-अभिलेखों में कराये जाने के सम्बन्ध में नागरिकों को विभिन्न कार्यालयों में जाना होता था। सायबर तहसील की स्थापना से अब अविवादित नामांतरण के प्रकरण रजिस्ट्री के बाद ऑनलाइन निराकृत हो रहे हैं। आम नागरिकों को इससे सुविधा हो गई है। सायबर तहसील को साकार रूप प्रदान किये जाने के लिये आरसीएमएस पोर्टल में सायबर तहसील मॉड्यूल प्रारंभ किया गया है।

जिले में सायबर तहसील लागू हो जाने से मामलों का निराकरण शीघ्र होनें लगा है तथा भू-अभिलेख में शत-प्रतिशत अमल किया जाकर, नागरिकों को रियल टाइम में नामांतरण आदेश एवं अद्यतन अभिलेख की प्रतियां डिजिटल स्वरूप में (व्हाटसएप, ई-मेल) उपलब्ध कराई जा ही हैं। इसके लिये चार अलग-अलग पोर्टल (आरसीएमएस, वेब जीआईएस (भूलेख), संपदा, सारा) से इंटिग्रेशन का कार्य किया गया है। प्रथम चरण में सायबर तहसील में सम्पूर्ण खसरा भूमि के विक्रय-पत्रों का नामांतरण प्रारम्भ किया गया है, जिसका विस्तार सभी प्रकार के अविवादित नामांतरण एवं बंटवारे के मामलों के लिए निकट भविष्य में किये जाने की योजना है।

सायबर तहसील सिंगल विंडो से नामांतरण होता है। रजिस्ट्री के बाद कहीं भी जाने की जरूरत नहीं। एण्ड-टू-एण्ड ऑनलाइन पेपरलेस प्रणाली है। रियल टाइम में भू-अभिलेखों का अपडेशन होने के साथ पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष होती है। इसमें सार्वजनिक सूचनाएं आरसीएमएस पोर्टल पर प्रदर्शित होती हैं। इसके साथ इसमें दावे एवं आपतियाँ ऑनलाइन प्रस्तुत करने की सुविधा है। पटवारी रिपोर्ट भी ऑनलाइन होती है। मामलों के निराकरण की औसत अवधि 17 से 20 दिन है। सायबर तहसीलदार द्वारा पारित आदेश की प्रति नागरिकों को ई-मेल एवं व्हाट्स-एप के माध्यम से रियल टाइम में भेजी जाती है। सायबर तहसील उसका ईटी गवर्मेंट डिजिटेक पुरस्कार श्रेणी में 2023 में नागरिक सेवा वितरण के डिजिटलीकरण में उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है।

### आर्यिका श्री ने विद्यार्थियों को दिलाया संकल्प



दिगम्बर जैन समाज पंचायत द्वारा संचालित आचार्य श्री शांति सागर संस्कार केंद्र की वार्षिक परीक्षा के परिणाम दिगम्बर जैन धर्मशाला में पूज्य आर्यिका मां 105 भावना मति माताजी ससंघ के सान्निध्य में घोषित हुए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी स.सि.सुधीर कुमार जैन, एवं कोमलचंद जैन, व्ही.के.सिंघई द्वारा दीप प्रज्जवलन करने के पश्चात आर्यिका श्री ने बच्चों को आर्शीवाद देते हुये कहा कि अपना कार्य अपने हाथों से स्वयं करना चाहिए और प्रतिदिन का कार्य और पढ़ाई प्रतिदिन करें यदि आगे के लिए टालते रहे तो यह वैसा ही होगा जैसे एक दिन में बहुत सारी मिठाई खाना लेकिन यह तो किसी के लिए भी संभव नहीं है। इसीलिए प्रतिदिन की पढ़ाई प्रतिदिन पूरी करें। इसी के साथ ही माताजी ने सभी बच्चों को यह संकल्प दिलाया कि वे मोबाइल और टीवी देख करके भोजन नहीं करेंगे।

### नगरपालिक निगम कटनी द्वारा संचालित हो विद्यालय

# शहर में एक नवीन प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय अंग्रेजी माध्यम हो प्रारंभः पाठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें नगर पालिक निगम कटनी द्वारा संचालित साधूराम उच्च0मा0 विद्यालय में एक नवीन प्राथमिक,माध्यमिक विद्यालय अंग्रेजी माध्यम प्रारंभ कराने हेतु कलेक्टर अवि प्रसाद को लिखा पत्र। शहर के आम नागरिकों द्वारा अक्सर नगर निगम से संचालित एक अंग्रेजी माध्यम विघालय की आवश्यकता व्यक्त की जा रही है । दृष्टिगत है कि साधूराम उच्च0मा0 विघालय में छात्र संख्या कम होने से इस विद्यालय परिसर का समुचित उपयोग नही हो पा रहा है। जनप्रतिनिधियों द्वारा भी उक्त परिसर में अंग्रेजी माध्यम का विद्यालय संचालित करनें का अभिमत व्यक्त किया गया है,कटनी में नगर निगम सीमान्तर्गत अंग्रेजी माध्यम के विद्यालय का संचालन शहर के नागरिकां हेतु एक नवीन उपलब्धि होगी। नगर निगम स्तर पर किये गये भौतिक आंकलन में यह कार्य संभव प्रतीत होता है।

#### शिक्षा से रह जाते हैं वंचित

निगमाध्यक्ष मनीष पाठक नें जानकारी देते हुए बताया कि,हमारे जीवन में शिक्षा बहुत महत्वपूर्ण है,शिक्षा एक सफल भविष्य और हमारे जीवन में आने वाले असंख्य अवसरों की कुंजी है । शिक्षा छात्रों के व्यक्तित्व विचारों और सामाजिक कौशल को विकसित करती है । छात्रों को अंतरराष्ट्रीय व्यापार,संगठनात्मक कार्य,विज्ञान, प्रोद्योगिकि, आई.टी, जर्नलिज्म के क्षेत्रों में अनेको अवसर प्राप्त होते है । निजी विद्यालयों (अंग्रेजी माध्यम) में फीस स्ट्रक्चर बहुत अधिक होने के कारण शहर के आम नागरिकों के बच्चें अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा से वंचित रह जाते है । बच्चों की हिन्दी के साथ अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा वर्तमान एवं भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण एवं आवश्यक है ।

#### शीघ्र कार्यवाही करने मांग

निगमाध्यक्ष पाठक नें छात्रों के उज्जवल भविष्य एवं शहर के आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कटनी जिले के कलेक्टर को साधूराम उच्च0मा0 विद्यालय में एक नवीन प्राथमिक, माध्यमिक विद्यालय अंग्रेजी माध्यम प्रारंभ कराने हेतु पत्र प्रेषित कर शीघ्र कार्यवाही करनें की मांग की है ।

*एनपीके उर्वरक के प्रयोग से लागत में आती है कमी*

# कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को डीएपी की जगह एनपीके उपयोग करने दी सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीकें उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुर एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुर के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अतः एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ आर पी बेन ने किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है।

कृषि वैज्ञानिक ने कहा है कि फसलों में उर्वरकों का संतुलित उपयोग लाभदायक होता है।डीएपी के स्थान पर सिंगल सुपर फास्फेट और एनपीके का उपयोग अधिक लाभदायी है। इससे जमीन को सल्फर की प्राप्ति होती है। सिंगल सुपर फास्फेट का उपयोग खेत की तैयारी के समय किया जाता है। जिससे यह फसलों में अधिक कारगर रहता है। डीएपी में उपलब्ध 18 प्रतिशत नाइट्रोजन में से केवल 15 प्रतिशत नाइट्रोजन तथा 46 प्रतिशत फास्फोरस में से 39 प्रतिशत फास्फोरस पानी में घुलकर मिट्टी को प्राप्त होता है। शेष फास्फोरस मिट्टी में जमा हो जाता है जिससे मिट्टी कठोर हो जाती है। इसकी जल धारण क्षमता घटती है। आगामी फसल में शंकर धान एवं शंकर मक्का के लिए नाइट्रोजन, फास्फोरस एवं पोटाश एनपीके खाद का उपयोग अधिक लाभकारी होगा। दलहन एवं तिलहन फसलों में 80रू40रू30 एनपीके तथा सल्फर का उपयोग लाभदायी होगा। किसान नैनो तकनीक पर आधारित खाद का भी उपयोग कर सकते हैं।

### मोटर साइकिल की टक्कर लगने से महिला की मौत, तीन घायल

**कटनी**। माधवनगर थाने की झिंझरी चौकी क्षेत्र के गनियारी बिलहरी गांव रोड पर बाइक की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई है, जबकि तीन अन्य महिलाएं घायल हो गई हैं। हादसे की सूचना के बाद पुलिस ने महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर प्रकरण को जांच में लिया है। झिंझरी चौकी के एएसआई पंकज त्रिपाठी ने बताया कि गनियारी गांव निवासी सरोज पति कोमल राजभर (50) गांव की अन्य तीन महिलाओं के साथ रविवार रात में पैदल अपने घर की ओर जा रही थी। इसी दौरान एक तेज रफ्तार बाइक सवार ने चार महिलाओं की टक्कर मार दी। हादसे में तीन महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। घायल महिलाओं को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान सोमवार सुबह सरोज राजभर की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनांतर्गत नव दंपत्तियों ने लिया आजीवन साथ निभाने का संकल्प

# जनपद पंचायत कटनी में 42 एवं रीठी में 16 जोड़े परिणय सूत्र में हुए आबद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशन एवं सीईओ ज़िला पंचायत कटनी श्री शिशिर गेमावत के मार्गदर्शन में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री कन्या विवाह, निकाह योजना अंतर्गत सोमवार 15 जुलाई को जनपद पंचायत कटनी के द्वारका भवन में 41 विवाह एवं 01 निकाह को मिलकार कुल 42 कन्यायें परिणय सूत्र में बंधी।

कार्यक्रम स्थल द्वारका भवन जनपद पंचायत कटनी मे प्रातः 10 बजे से ही वर - वधुओं एवं उनके परिजनों का आगमन प्रारंभ हो गया था। दोपहर 12 बजे ढोल नगाड़े एवं आतिशबाजी के साथ बारात का आगमन द्वारका भवन में हुआ जहां बारात की अगवानी एवं स्वागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत प्रदीप सिंह सहित जनपद पंचायत के कर्मचारियो, जगदीश उरमलिया उपाध्यक्ष जनपद पंचायत कटनी ,अन्य जनपद सदस्य व जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया गया। तत्पश्चात द्वारका भवन में



तैयार किए गए मंडप में वर-वधु एवं उनके परिजनों की उपस्थिति में वैदिक मंत्रोचार के साथ विवाह की रस्म सात फेरों एवम वचनों के साथ संपन्न हुई।

नव दंपति को सुभाशीष प्रदान करने के लिए विधायक विधानसभा बड़वारा धीरेंद्र बहादुर सिंह, जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी दीपक टंडन सोनी , जिला उपाध्यक्ष भाजपा आशीष गुप्ता, नितिन पांडे , बृजनंदन पटेल ,विजय गुप्ता मंडल अध्यक्ष, जगदीश उरमलिया जनपद उपाध्यक्ष, दुर्गा मौसी, पप्पू साहू एवं अन्य जनपद सदस्य मंच पर उपस्थित रहे।

#### 49 हजार का दिया चेक

कार्यक्रम के उपरांत 42 नव दंपतियों को 49 हजार का एकाउंट पेयी चेक प्रदान किया गया। इसके अलावा जनपद उपाध्यक्ष की तरफ से दीवाल घड़ी एवं जनपद पंचायत की ओर से एक आवले का पौधा उपहार स्वरूप प्रदान किया जाकर समस्त 42 नवयुगलों के सुखद जीवन हेतु शुभकामनाएं प्रदान की गई।

कार्यक्रम में प्रदीप सिंह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटनी अखिलेश सिंह नायब तहसीलदार, प्रीति श्रीवास्तव सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी, आरके तिवारी प्रभारी बीपीओ, एस के खर्द, वर्षा जैन एपीओ, बलराम दहिया बी सी पी एम ए वाय एवं अन्य अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिति सराहनीय रही। कार्यक्रम में मंच संचालन एवं आभार प्रदर्शन जग्गी पटेल द्वारा किया गया।

#### 16 कन्याओं का हुआ विवाह

रीठी जनपद पंचायत कार्यालय स्थित मांगलिक भवन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह एवं निकाह का सामूहिक आयोजन किया गया। जिसमें सम्मिलित 16 जोड़ों ने सात फेरों की प्रदक्षिणा लेकर आजीवन साथ निभाने का संकल्प लिया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में वर और वधु पक्ष के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत वरमाला के साथ की गई। इसके बाद पंडित रामकेत शास्त्री द्वारा धार्मिक रीति-रिवाज के साथ जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों द्वारा वर और वधु को आशीर्वाद दिया गया।

#### इनकी रही उपस्थिति

प्रत्येक कन्या को सामुहिक विवाह योजना में 49 हजार रूपये रूपये का एकाउंट पेयी चौक प्रदान किया गया जिससे वे गृहस्थी के जरूरी सामान को खरीद सके। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष अनुरोध अवस्थी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष भरत पटेल, जनपद उपाध्यक्ष प्रकाश साहू, जनपद सदस्य रातिलाल चौधरी, जनपद सीईओ चंदूलाल पानिका, राम सुजान त्रिपाठी, नीरज जैन, अवधेश मिश्रा, शिवांशु तिवारी, पुष्पेंद्र मिश्रा, सुखी यादव, शिवलाल यादव, राजेंद्र, भगवान दास, सुधा मंसूरिया, भारती चौबे, प्रिया चंद्रावल नीलम पटेल, रामचंद्र गुप्ता, डीलन सिंह, प्रवीण तिवारी, विनोद शर्मा सहित अन्य जन उपस्थित थे।



# बैग में रखे थे डेढ़ लाख के जेवरात, चोर लेकर भागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

इटारसी से प्रयागराज तक की यात्रा कर रहे एक युवक का बैग कटनी स्टेशन में एक बदमाश लेकर भाग गया। बैग में करीब डेढ़ लाख रुपए के सोने के आभूषण और कपड़े रखे हुए थे। वारदात का शिकार हुए युवक ने जीआरपी थाने में चोरी की शिकायत की है। जीआरपी ने अज्ञात बदमाश की तलाश शुरू कर दी है।

नरसिंहपुर जिले के करेली गांव निवासी कमलेश गुप्ता ने बताया कि वह अपने परिवार और साथियों के साथ इटारसी पैसेंजर ट्रेन से प्रयागराज जा रहा था, सोमवार सुबह ट्रेन कटनी स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पहुंची थी, तभी एक युवक उसका बैग लेकर भाग गया। बैग में करीब तीन तोला सोने के आभूषण और कपड़े रखे हुए थे। चोरी की सूचना जीआरपी थाने में दी गई है।

जीआरपी बैग लेकर भागने वाले बदमाश के संबंध में जानकारी जुटा रही है। जीआरपी थाना प्रभारी अरुणा वाहने ने बताया की मामले की जांच की जा रही है।

## खबर संक्षेप

### पाली महाविद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन



**बिरसिंहपुर पाली।** शासकीय महाविद्यालय बिरसिंहपुर पाली में विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉक्टर आरके झा के द्वारा मां सरस्वती के तेल चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रचलन किया गया तथा छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉक्टर झा ने अपने उद्बोधन में कौशल के माध्यम से स्वयं को सक्षम मजबूत और सशक्त बनाने पर जोर दिया उन्होंने कौशल विकास एवं शांति तीनों को एक देश के विकास के लिए आवश्यक बताया कौशल के माध्यम से योग्यता को बढ़ावा देना सभी चुनौतियों का सम्मान किया जा सकता है विद्यार्थियों को संदेश दिया पढ़ाई पढ़ो ऐसा कि घर में आए पैसा मुख्य वक्ता डॉक्टर शाहिद सिद्दीकी ने बताया कि युवाओं को अपने रुचि में आधार पर रोजगार का चयन करना चाहिए उन्होंने युवाओं को प्रेरणा स्वरूप कहा कि एक लक्ष्य को साधने से सभी सब जाता है श्री हरलाल अहिरवार ने बताया कि युवाओं को कौशल विकास को बढ़ाने के लिए रोजगार सरोजगार के सपने को साकार किया जा सकता है आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी डॉ नरेश प्रसाद शुक्ल द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुभव श्रीवास्तव डॉक्टर रितु सेन बालेंद्र कुमार यादव प्रहलाद सिंह उपेंद्र रावत गुलाब सिंह मुन्ना सिंह राठौड़ जैकी सक्सेना नर्मदा मिश्रा सहित समस्त छात्राएं एवं अन्य लोग रहे उपस्थित1

### युवाओं ने जे.के. सीमेन्ट के विरूद्ध मोर्चा खोला

**अमानगंज।** क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं ने तहसीलदार अमानगंज को ज्ञापन देते हुए बताया कि जेके सीमेंट कंपनी देवरा अमानगंज द्वारा क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को रोजगार न देकर बाहरी लोगों को रोजगार नौकरी भरपूर दी जा रही है जिसके चलते शिक्षित युवा रोजगार की तलाश में दर-दर भटक रहे हैं और महानगरों की ओर पलायन कर रहे हैं, युवाओं ने बताया कि जिले में रोजगार का साधन उक्त कंपनी होने के बाद भी हम सभी युवा बेरोजगार घूम रहे हैं हम लोगों की ओर ध्यान देने वाला कोई नहीं है। बताया कि जेके सीमेंट कंपनी द्वारा सभी मापदंडों को दरकिनार करते हुए क्षेत्रीय किसानों से किए गए अपने वादे उनके बच्चों को रोजगार एवं क्षेत्र के लोगों को प्राथमिकता यह सीमेंट कंपनी अपने सभी बातों से मुकर गई। यह सीमेंट फैक्ट्री क्षेत्रीय लोगों को रोजगार न देकर बाहरी लोगों को भरपूर रोजगार नौकरी दे रही है और क्षेत्र के युवा भटक रहे हैं।

समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल दमोह हेल्पलाइन पर अवगत करायें

# नदी-नालों के किनारों को पिकनिक स्पॉट ना बनायें, बारिश में सावधानी बरतें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है एक घटना सामने आई है जिसमें पानी के तेज बहाव में किसी युवक के बह जाने की सूचना मिली है, हालांकि एसडीआरएफ की टीम अपना काम कर रही है, यह समय ऐसा होता है बारिश में नदी नाले उफान पर होते हैं, नदी नालों की परिस्थितियों वैसे सामान्य नहीं रहती है, ऐसी स्थिति में मैं युवाओं से, बच्चों से विशेष रूप से आग्रह है नदी नालों के किनारों को पिकनिक स्पॉट ना बनाएं, वहां पर तैरने से, नदियों को क्रॉस करने से, नदी में गहराई में जाने से बिल्कुल बच्चें, पूरी सावधानी रखें अन्यथा छोटी सी असावधानी जानलेवा साबित हो सकती है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा नदियों के किनारों पर बोर्ड लगवाये जा रहे हैं, हर तरह से सावधान करने की कोशिश की जा रही हैं, नागरिकों का प्रयास यह होना चाहिए कि वर्षा काल के दिनों में नदी नाले उफान पर होते हैं, ऐसे में यदि मान लीजिए आपको दिखाई दे रहा है कि पानी बहुत तेजी से बह रहा है और पानी पुल पर से, पुलिया पर से बह रहा है, तो उसको क्रॉस ना करें। नदी, नालों, नहरों, बांधों में तैरने का या वहां पर समय बिताने से बचें, गहराई में जाने से बचें। कलेक्टर श्री कोचर



ने कहा बारिश में वॉटरफॉल सक्रिय हो जाते हैं, सहज ही लोग उनकी तरफ जाने में आकर्षित होते हैं, सभी से आग्रह है, इन जगहों पर हम जाने से बचें, वाटरफॉल देखने के लिए यदि जाना यह एक अलग बात है, लेकिन वॉटरफॉल में प्रवेश करके उसकी गहराई को बिना जाने और बिना चीजों को पता किये अंदर गहराई तक चले जाना जानलेवा साबित हो सकता है। सिग्रामपुर और अन्य स्थान जहां पर भी ऐसे वॉटरफॉल्स है, जहां पर पहाड़ी क्षेत्र है, नदियां है, नाले हैं, वहां पर इन बातों का विशेष ध्यान रखें और अपने परिजनों को भी यह बात बताएं ताकि कोई भी इस तरह का दुस्साहस ना करें, की तैरना आये बिना नदियों-नालों में प्रवेश करके अपनी जान को खतरे में डालें। हमारे लिए, देश के लिए, समाज के लिए आपकी जान बहुत कीमती है, छोटे से आनंद के लिए अपने प्राणों को बिल्कुल भी जोखिम में ना डालें। शासन-प्रशासन आपके साथ है किसी भी तरह की कठिनाई उत्पन्न होती है तो तत्काल दमोह हेल्पलाइन पर अवगत कराया जाये। कलेक्टर ने कहा दमोह हेल्पलाईन का नंबर 07812-350300 है।

### मगरमच्छ के हमले पर वन विभाग और राजस्व का अमला चौकसः कलेक्टर

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है पहले कुछ दिनों में मगरमच्छ के हमले के कारण एक बच्चे का दुखद निधन हुआ है, मगरमच्छ के द्वारा एक दो हमले और किए गए हैं, इस मामले में वन विभाग और राजस्व का अमला पूरी तरह से चौकस है। कलेक्टर श्री कोचर ने आज संबंधितों को निर्देश दिए हैं कि सभी नदियों के किनारो पर और चिन्हित स्थानों पर बड़े अक्षरों में बोर्ड लगा दिए जाए। अभी वर्षा का जल नदियों में आ रहा है और पानी थोड़ा मटमैला होता है, ऐसी स्थिति में कई बार मगरमच्छ दिखाई नहीं देते हैं, ऐसे में कोई भी उसका शिकार बन सकता है, यह बहुत ही खतरनाक है। कलेक्टर श्री कोचर ने सभी नागरिकों से खास तौर पर ग्रामवासियों से आग्रह करते हुये कहा जो लोग ऐसी नदियों, नहरों और बांधों के किनारे रहते हैं और विशेष रूप से जिन स्थानों से ब्यारमा नदी निकली है, उससे लगे हुए जितने नदी और नाले हैं, उन सभी स्थानों पर सभी को विशेष सावधानी बरतनी है। पानी के लिए, कपड़े धोने के लिए या फिर नहाने के लिए ऐसे जलाशयों के नजदीक बिल्कुल ना जाए, यदि किसी काम से जाना पड़ता है, तो बहुत सावधानी बरतें, बच्चों को नदियों के किनारे नहाने के लिए अकेले ना भेजें, यह समय ऐसा है जब हमें नदी नालों के पास जाने से पूरी तरह सावधानी बरतनी चाहिये। उन्होंने कहा हम सभी जगह सावधानी संबंधी बोर्ड लगवा रहे हैं, इसके अलावा जहां पर मगरमच्छ ने एक-दो बार हमला किया है, वहां पर वन विभाग की पूरी टीम लगी हुई है, यदि वह मगरमच्छ पकड़ में आ जाता है, तो उसको पकड़कर यथा स्थान भेज दिया जायेगा, उसके लिए टीम लगी हुई है। ब्यारमा नदी और उससे लगे हुए नदी नालों के क्षेत्र में बहुत बड़ी संख्या में मगरमच्छ है यदि हमने सावधानी नहीं रखी तो वे हमें नुकसान पहुंचा सकते हैं, इसलिए सभी से आग्रह है की नदियों में नालों में नहाने के लिए बिल्कुल ना जाए, यह दुस्साहस बहुत खतरनाक सिद्ध हो सकता है, नदियों के किनारे जाकर कपड़े धोने या और कोई अन्य काम ना करें, ताकि इससे आप बचे रहे और यदि आपको कहीं पर मगरमच्छ दिखाई देता हैं, तो उसकी सूचना तुरंत वन विभाग को दे। हम जो बोर्ड लगवा रहे हैं, उसमें फोन नंबर भी दिए जाएंगे, जिन पर खतरे की स्थिति में सूचित किया जा सकता है। इसमें विशेष रूप से सावधानी रखें और अपने आप को और परिवार को सुरक्षित रखें।

## एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौपा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

संकल्प समाजसेवी संस्था दमोह ने एक्सिस टू जस्टिस परियोजना के तहत जिला दमोह में बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को रोकने को लेकर सोमवार को अपना चार सूत्रीय मांगों का ज्ञापन कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के नाम उनकी अनुपस्थिति मे अपर कलेक्टर मीना मेश्राम को सौंपा। उन्होने ज्ञापन पर उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस बारे मे एक्सिस तू जस्टिस परियोजना के जिला समन्वयक देवेंद्र दुबे जी ने बताया कि ज्ञापन में प्रत्येक समाज में 18 वर्ष की उम्र तक के लड़का लड़की को शिक्षा अनिवार्य दिये जाने, प्रत्येक ग्राम व पंचायत में बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई को रोकने विवाह पूर्व पंजीयन कराने की दस्तावेज

**समुदाय मे विवाह पूर्व पंजीयन एवं 18 वर्ष तक लड़का- लड़की को अनिवार्य शिक्षा व्यवस्था लागू करने जैसी मांगें रखी**

सम्बंधी प्रक्रिया को सुनिश्चित कराने, प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समितियों का गठन एवं उनका सशक्तिकरण करने के अलावा बच्चों के अधिकारों एवं उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने जारी 1098 जैसे अन्य टोल फ्री नंबरों का प्रचार प्रसार करने सम्बंधी सुझाव देते हुये कलेक्टर से मांग की गई है। इस मौके पर एक्सेस टू जस्टिस परियोजना जिला दमोह की कार्यकर्ता पूनम चौरसिया, कार्यकर्ता सुजात खान, एडवोकेट राकेश शर्मा, वीरेंद्र विश्वकर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

### पावस गोष्ठी में जम कर बरसे बादल




**दमोह।** मध्य प्रदेश लेखक संघ दमोह के तत्वाधान में पावस गोष्ठी संपन्न हुई। रामकुमार स्कूल दमोह परिसर में आयोजित उक्त काव्य गोष्ठी की अध्यक्षता, प्रोफेसर रमेश व्यास ने की। मुख्य अतिथि के रूप में पंडित रामकुमार तिवारी उपस्थित रहे। रमेश व्यास ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा की, वर्तमान आपा धापी के दौर में, प्रकृति का आलिंगन करने का नगर के कवियों का यह अनुकरणीय प्रयास है । इस तरह के प्रयास नगर में साहित्य की चेतना को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्य अतिथि रामकुमार तिवारी ने अपने मुरली पदावली के माध्यम से वर्षा ऋतु के मनोरम दृश्य को उकेरने का सफल प्रयास किया । संचालन कर रहे संस्था अध्यक्ष इंजीनियर अमर सिंह राजपूत ने पावस विषय वस्तु पर अपनी काव्य रचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि, मान तोल कर दीजिए,जितने की औकात ।बारिश होते ही अमर, छुद्र नदी इतरात।। महेंद्र श्रीवास्तव ने रचना पड़ी की, पानी में डूबा शहर देखते हैं, लोगों के दिलों में डर देखते हैं। सदन नियम ने,करो ने आनाकानी रे चलो तुम साला जल्दी रे। पिम्मीं परिहार ने, बढ़ावा जिसे हम दिए जा रहे हैं ,वही लोग हम पर हंसे जा रहे हैं ।रमेश तिवारी ने,मेघों के डेरे हैं, नभ मंडल घेरे हैं। आओ मनमीत मेरे, पावस ने फिर दिन फेरे हैं। नन्हे सिंह ठाकुर ने पढ़ा की, बचाना है हमें जीवन अभी पेड़ लगाना है। बचे संसार यह सारा, हमें पौधे लगाना है। डॉक्टर गणेश राय ने, एक-एक करके कसमे वादे करूं। बिमला तिवारी ने, धन कारे कजरारे ,बरसत अंगना हमारे। उमड़ घुमड़ बरसत अंगना हमारे। चंद्रा नेमा ने,भींज भींज पुलक उठी ,धरनी चांहु ओर ।बरखा ने गगन सग बांध देनी डोर । एन आर राठौर ने, गुरु गांव में, राहत शहर में, पड़ता कहां। रचना पड़ी।

# शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वतीजी के सानिध्य में हुआ स्वामी आत्मानंद गिरीजी का महामण्डलेश्वर पट्टाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पथरिया

ग्राम लखरौनी स्थित श्री चौमुखनाथ परमधाम आश्रम में पधारे जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज सुमेरू पीठ काशी के पावन सानिध्य में श्री विभूषित श्री स्वामी आत्मानंद गिरी जी महाराज का श्री पच्चदशनाम जूना अखाड़ा महामण्डलेश्वर जैसे गरिमामय पद पट्टाभिषेक वैदिक परम्पराओं के ब्राह्मणो द्वारा वैदिक मंत्रों की ध्वनि के बीच दूध, दही,शहद,घी, गौमूत्र,इत्र,चंदन आदि से अभिषेक जगत गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज के द्वारा कराया गया महराज श्री के साथ श्री महंत स्वामी प्रेमगिरी जी महराज अध्यक्ष श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा, श्री महंत हरिगिरी जी महाराज महामंत्री अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद, महामण्डलेश्वर स्वामी



शांतिस्वरूपानंद जी महाराज पंचायती निरंजनी अखाड़ा अखाड़ा उज्जैन, श्रीमहंत जन्मेजयशरणदास जी महाराज श्रीधाम अवध ,श्री महेश गिरी जी महाराज,श्री महंत कपिल पुरी जी महराज जूनापीठ उपाचार्य, श्रीं महंत भारती जी महराज मंत्री जूना अखाड़ा, श्री सुन्दर पुरी जी महराज जी सहित पूज्य संतों की प्रमुख सहभागिता रही इसके उपरांत अखाड़े की परम्परा अनुसार स्वामी आत्मानंद गिरी जी महाराज का महामण्डलेश्वर पद पर पट्टाभिषेक किया गया, इस भव्य पट्टाभिषेक समारोह देखने नगर व समीपि ग्रामों के व प्रदेश एवं अन्य राज्यों हजारों की संख्या में श्रद्धालु जन, मात्र शक्ति की उपस्थिति रही, महामण्डलेश्वर पट्टाभिषेक समारोह प्रदेश में पहली बार देखने को मिला वहीं थाना प्रभारी सुधीर बेगी के नैतृत्व में पुलिस व्यवस्था चाक-चौबंद रही, आश्रम द्वारा संचालित भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया इसके बाद रात्रि आठ बजे से श्री अवधधाम रामलीला मंडल अयोध्या द्वारा धनुष यज्ञ एवं सीता स्वयंवर का पावन चरित्र मंचन कर दिखाया जिसे अनेक श्रद्धालुजनो द्वारा सराहा गया। इस भव्य समारोह में क्षेत्रीय विधायक व मंत्री लखन पटेल, पूर्व मंत्री डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व सांसद चन्द्रभान सिंह, नगर परिषद अध्यक्ष सुन्दर लाल विश्वकर्मा, पूर्व अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह ठाकुर, सरपंच लखरौनी मनोज पटेल, संदीप दुबे, संजय पटेल सोमनाथ पटेल प्रशासनिक अमले में एसडीएम निकेत चौरसिया, एसडीओपी रघु केसरी, तहसीलदार दीपा चतुर्वेदी पथरिया उपस्थित रहीं। वहीं कार्यक्रम का संचालन उमेश त्रिवेदी फतेहपुर उत्तर प्रदेश ने किया।

### सामान्य सभा की बैठक आज

**दमोह।** जिला पंचायत दमोह की सामान्य प्रशासन स्थायी समिति एवं सामान्य सभा की बैठकें 16 जुलाई को जिला पंचायत के सभाकक्ष में क्रमशः दोपहर 02 बजे एवं अपरान्ह 03 बजे से आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दमोह अर्पित वर्मा ने समस्त संबंधितो से उक्त बैठकों में उपस्थित होने के लिये आग्रह किया है।

## राजस्व प्रकरण लंबित है तो जनसुनवाई में विशेष रूप से निराकरण किया जायेगाः कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है आज की जनसुनवाई और आगे की सभी जनसुनवाईयों में तहसील स्तर पर और एसडीएम स्तर पर विशेष रूप से जिन प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा वे राजस्व से संबंधित है। यदि आज की जनसुनवाई में तहसील में या एसडीएम कार्यालय में यदि किसी के इन विषयों से संबंधित प्रकरण लंबित है, तो उन विषयों से संबंधित प्रकरणों के निराकण के लिए जनसुनवाई में सभी हितग्राही आ सकते हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा आवेदक का यदि कोई आदेश पूर्व में जारी हुआ हो, लेकिन उसका खसरे में अमल नहीं हो पाया हो, ऐसे प्रकरणों की सुनवाई, यदि मान लीजिए आपके कुछ प्रकरण यदि नामांतरण, बंटवारा, अभिलेख दृष्टि से संबंधित प्रकरण यदि बहुत लंबे समय से पेंडिंग है, उनके निरीक्षण के लिए यदि अभिलेख दुरूस्ती नहीं हुई है, उसके लिए, यदि समग्र की ई-केवाईसी नहीं हुई है या फिर समग्र की खसरे से लिंकिंग नहीं हुई है, या फिर पीएम किसान योजना की पात्रता होने के बावजूद भी लाभ नहीं मिल रहा है, ऐसे प्रकरणों में, स्वामित्व योजना के अंतर्गत यदि आपको अधिकार अभिलेख नहीं मिला है और ऐसे सभी मामले जो की नामांतरण, बटवारा, अभिलेख दुरूस्ती, नक्शा सुधार, स्वामित्व योजना से संबंधित, पीएम किसान से संबंधित मामले, या फिर आपका कोई कोर्ट केस, रेवेन्यू का प्रकरण जो की बहुत लंबे समय से लंबित है, इन विषयों के लिए भी आज के अलावा हर जनसुनवाई में मंगलवार के दिन इन विषयों पर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा इसके लिए महत्वपूर्ण बात यह है कि आपको तहसील कार्यालय में जाना है, संबंधित तहसीलदार कार्यालय में, संबंधित नायब तहसीलदार के कार्यालय में या संबंधित एसडीएम के कार्यालय में जाना है, इसके लिए आप कलेक्टर कार्यालय न आकर यदि वहां जाएंगे तो तत्काल और प्रभावी कार्रवाई हो पायेगी, कलेक्टर कार्यालय आने की बजाय आवेदक यदि इस तरह के कोई केस है तो उसको लेकर के आज से हर मंगलवार आप राजस्व न्यायालयों में जा सकते हैं। तहसीलदार, नायब तहसीलदार और एसडीएम के पास इन प्रकरणों की सुनवाई कराकर इनका नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की संभागीय बैठक दमोह में आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




दमोह। शिक्षको के प्रति समाज में सम्मान के भाव निर्मित करने शिक्षको को लोकव्यापी कार्य करना होगा, अच्छे कार्य को समाज तक पहुंचाना होगा, सामाजिक सरोकार के कार्य शिक्षको के द्वारा किए जावे, शिक्षको के प्रमुख कर्तव्य पूर्ण निष्ठा के साथ कर्त्तव्यपरायण होना आवश्यक है। शिक्षको को मानसिक रूप से भयमुक्त होने पर ही सार्थक परिणाम परिलक्षित होंगे। शिक्षको के महत्वपूर्ण बिंदुओं के साथ मध्यप्रदेश शिक्षक संघ के प्रांतीय आव्हान पर दिनांक 14 जुलाई 2024 को संभागीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजन अर्चन किया गया।

मंचासीन अतिथियों के परिचय के साथ सदन में उपस्थित समस्त जिले के पदाधिकारियों एवं शिक्षक साथियों का परिचय हुआ। संभागीय सचिव पारस जैन द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया। पूर्व संभागीय बैठक के वृत्त प्रांतीय उपाध्यक्ष एवं सागर संभाग प्रभारी महेंद्र कुमार जैन द्वारा किया गया। बैठक में संभाग के सागर जिला, दमोह, टीकमगढ़ व निवाड़ी जिले के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, जिला संगठन मंत्री की उपस्थिति रही। जिलेवार जिले की जानकारी सभी जिलाध्यक्ष ने दी। संभागीय संगठन मंत्री श्री अजब सिंह जी ठाकुर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा शिक्षको की अर्जित अवकाश, उच्च पदनाम, सहित अनेक बिंदुओं एवं प्रांतीय अध्यक्ष श्री डॉ क्षत्रवीर सिंह जी राठौर के द्वारा किए गए संघर्ष से अवगत कराया।

प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता ने शिक्षको की समस्याओं के निराकरण के लिए प्रत्येक इकाई के प्रयासों की सराहना कर सदन को शिक्षको की प्रत्येक समस्या के लिए शिक्षक संघ सदैव तत्पर रहने की बात कही। वरिष्ठ मार्गदर्शक कमल सिंघई ने शिक्षक संघ के उपलब्धियों और संघर्ष से संबंध के अपनी बात रखी। संभागीय अध्यक्ष ने बैठक की अध्यक्ष करते हुए जिलेवार सदस्यता, गुरुवंदन कार्यक्रम आदि के संबंध में सभी जिले से जानकारी ली। बैठक में उपस्थित श्री प्रमोद गांगरा जिला संयोजक, पर्यावरण गतिविधि ने शिक्षको की समस्याओं पर प्रांतीय अध्यक्ष के समक्ष अपनी बात रखी। जिलाध्यक्ष टीकमगढ़ श्री जगदीश दुबे जी ने टीकमगढ़ जिले में शिक्षको की विभिन्न समस्याओ के निराकरण में शिक्षक संघ जिला इकाई की सक्रिय भूमिका की जानकारी देते हुए प्रांताध्यक्ष महोदय से अर्जित अवकाश स्वीकृति के आदेश आहरण संवितरण अधिकारी से करने के आदेश जारी कराने, नवीन शैक्षिक संवर्ग को छटे विषय पर सार्थक परिणाम लाने एवं प्रमोशन प्रक्रिया पुनः प्रारंभ कराने का आग्रह किया। जिलाध्यक्ष सागर श्री सूर्यप्रताप सिंह राजपूत ने सागर जिले में शिक्षक संघ की विभिन्न गतिविधियों एवं आगामी गुरुवंदन कार्यक्रम की कार्ययोजना की जानकारी दी। निवाड़ी जिलाध्यक्ष श्री आनंद जी रावत ने निवाड़ी जिले की शिक्षको।की समस्याओं ओर कार्ययोजना पर जिला का वृत्त रखा।इसी क्रम में जिलाध्यक्ष दमोह श्री प्रमेंद्र जैन ने संभागीय बैठक के आयोजन दमोह में करने की स्वीकृति प्रदान करने पर प्रांतीय व संभागीय पदाधिकारियों का आभार माना साथ ही दमोह जिले में क्लस्टर स्तर तक सदस्यता करने का संकल्प दोहराया। प्रांताध्यक्ष डॉ श्री क्षत्रवीर सिंह जी राठौर ने शिक्षको को एकजुट होकर कार्य करने का संबंध में बात करते हुए कहा कि मात्र शिक्षक संघ के प्रयास से आज लाखो शिक्षको व नवीन शैक्षिक संवर्ग के शिक्षको को उच्च पदनाम प्राप्त हो रहा है। शिक्षको को अर्जित अवकाश का लाभ दिलाने और चतुर्थ वेतनमान का लाभ शीघ्र प्राप्त होने के संबंध में अपनी अंतिम स्तर के प्रयास पर बात रखी। शिक्षको को पंच परिवर्तन के अंतर्गत समरसता की भावना समाज में लाने, समाज में कर्तव्य परायणता लाने, पर्यावरण के प्रति अपनी जवाबदारी निभाने सहित अनेक क्षेत्रों में शिक्षक संघ की भूमिका पर कार्य करते हुए लोकव्यापी बनाए जाने की बात की। बैठक के अंतिम सत्र में सेवानिवृत्त शिक्षक श्रीमती अंतिम जैन (उच्च श्रेणी शिक्षक) और श्री प्रदीप अग्रवाल के सेवानिवृत्ति के कुछ दिवस पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष श्री राठौर जी के साथ मंचासीन पदाधिकारियों ने साल श्रीफल से सम्मान किया।

मंचासीन अतिथियों को प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र जैन व जिला इकाई दमोह द्वारा स्मृतिचिन्ह भेंट किया। बैठक में प्रांताध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर, प्रांतीय महामंत्री राकेश गुप्ता जी, संभागीय संगठन मंत्री श्री अजबसिंह जी ठाकुर (पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी), महेंद्र कुमार जैन प्रांतीय उपाध्यक्ष, जिलाध्यक्ष भोपाल नागेश पांडे जी, चंद्रभान सिंह राजपूत संभागीय अध्यक्ष, पारस जैन संभागीय सचिव, टीकमगढ़ जिला अध्यक्ष जगदीश दुबे जी, रामेश्वर श्रोती जिला संगठन मंत्री, कमलेश बिग्ना जी संभागीय सदस्य, निवाड़ी जिला अध्यक्ष श्री आनंद रावत जी, अजय गौतम सचिव, शिवकुमार रावत कोषाध्यक्ष, सागर जिलाध्यक्ष सूर्यपाल सिंह जी राजपूत, जिलाध्यक्ष दमोह प्रमेंद्र जैन, विनय मोहन मिश्रा सचिव, कमलेश सेन कोषाध्यक्ष, प्रदीप अग्रवाल, पी के जैन, नीतेश पाठक, आरबी सिंह, प्रमोद गांगरा, मनीष भारद्वाज, श्रीमती अंतिम जैन, श्रीमती दीपमाला जैन, कुंजीलाल पाली,अवध जैन, टी आर बाबरा, आदित्य चौरसिया, शिशिर तिवारी, संतोष रजक, पवन जैन, किशोर दुबे, चंद्रभान सोनी, महेंद्र खरे, पंकज श्रीवास्तव, पी डी मिश्रा, सूर्यपाल सिंह जिलाध्यक्ष सागर, संदीप देवलिया कोषाध्यक्ष, मलखान सिंह उपाध्यक्ष, हाकम सिंह उपाध्यक्ष, भरत सिंह संभागीय सदस्य, एवं अशोक ठाकुर प्रांतीय कार्यालय प्रभारी भोपाल की उपस्थिति रही। बैठक के समापन पर संभागीय सचिव पारस जैन द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। मंच संचालन एम के खरे द्वारा किया गया। बैठक के पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय दमोह में प्रांतीय अध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर सहित सभी प्रांतीय संभागीय व जिला इकाई पदाधिकारी ने जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा जी से भेंट कर शिक्षको की समस्याओं को निराकरण करने के संबंध में बात की। उच्च पदनाम की इस बार की काउंसलिंग की विसंगति पर श्रीमान आयुक्त महोदय श्री के के द्विवेदी जी से बात कर समस्या के निराकरण करने का आग्रह किया। इस अवसर पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी अजबसिंह जी ठाकुर सहित सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति रही।

## कन्या विवाह सम्मेलन में कुर्मी क्षत्रिय समाज वर बधू को करेगा उपहार भेंट

हटा। समाज में रचनात्मक सहयोग और सर्मपण के लिए सदैव से समर्पित रहे,सामाजिक सरोकारों से परिपूर्ण सामाजिक समरसता को समर्पित हटा विधानसभा का कुर्मी क्षत्रिय समाज संगठन 16 जुलाई को कृषि उपज मंडी हटा में आयोजित हो रहे मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में सभी नव विवाहित जोड़ों के लिए आशीर्वाद स्वरुप शगुन के रूप में समाज की ओर से पांच पांच बर्तनों का सेट भेंट करेगा। इस संबंध में समिति के सदस्य श्री शिवचरण पटेल बडडा, राजबहादुर पटेल रूसल्ली ,कन्हैया लाल पटेल ठेकेदार,रामकृपाल पटेल दादपुर, नंदकिशोर पटेल कुंवरपुर,देवेंद्र पटेल पटवारी, श्यामसुंदर पटेल बिला, लक्ष्मीकांत पटेल राजाबंदी, बलराम पटेल बल्लू लिंबरदार,शैलेश पटेल तालगांव, भरत पटेल रसीलपुर,राधिका पटेल हारट ,बलराम पटेल पटेरा, बद्री पटेल बमनपुरा ,महेंद्र पटेल मुहरई,अरविन्द पटेल राजू लिंबरदार,राजेश पटेल कोडिया,हितेंद्र कुर्मी धरमपुरा,गोविंद पटेल देवरी उदयभान पटेल,राहुल पटेल गैसाबाद,ब्रजेश पटेल कोडिया ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन केवल सरकार का दायित्व या प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं है एक सामाजिक और जिम्मेदार प्राणी होने के नाते प्रत्येक व्यक्ति की जवाबदेही बनती है कि इस प्रकार के आयोजनों में कुछ ना कुछ अपनी भूमिका का निर्वहन करें हमारा समाज सदैव से रचनात्मक और पुण्यात्मक कार्यों के लिए समर्पित रहा है इस पावन पुनीत कार्य में अल्प सहयोग देकर हम अपने आप को गौरांवित महसूस कर रहे हैं नगर में आयोजित होने वाले इस प्रकार के सभी कार्यक्रमों में भविष्य में भी हम लोग अपनी क्षमता अनुसार निरंतर सहयोग प्रदान करते रहेंगे।

## आज जनसुनवाई की विशेष थीम संबल योजना

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के आम नागरिकों से कहा है आज 16 जुलाई को जनसुनवाई है, जनसुनवाई में सामान्य जनसुनवाई के साथ एक थीम आधारित जनसुनवाई भी रखी जा रही हैं, उसके तहत आज की जो थीम है, उसमें संबल योजना का क्रियान्वयन होगा, आज संबल योजना की क्रियान्वयन से संबंधित किसी का कोई विषय हो, जिनमें पैसा ना मिलने की शिकायत हो, संबल योजना से जुड़ी हुई कोई भी शिकायत एवं समस्या लेकर जो भी हितग्राही है, जिनकी ऐसी समस्याएं हैं, वह आ सकते हैं। आज की जनसुनवाई का फोकस संबल योजना पर होगा।

## खबर संक्षेप

### डेयरी एस्टेट निर्माण हेतु पशुपालन एवं डेयरी विभाग को भूमि आवंटित

दमोह। दमोह में डेयरी एस्टेट बनाये जाने के उद्देश्य से कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने प्रबंधक संचालक पशुधन एवं कुक्कुर विकास निगम भोपाल डॉ एच.बी.एस. भदौरिया को पत्र लिखकर अवगत कराया है कि डेयरी एस्टेट के निर्माण हेतु दमोह नगर से लगे हुये बरवटी ग्राम में खसरा नं.11/1 (5) में रकबा 58.9300 हेक्टेयर भूमि पशुपालन एवं डेयरी विभाग को आवंटित कर दी गई है। उन्होंने दमोह में डेयरी एस्टेट की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान किये जाने तथा डीपीआर तैयार कर अधोसंरचना विकास कार्य शीघ्र प्रारंभ किये जाने का आग्रह किया है।

### विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक का आयोजन आज

दमोह। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजनी जेम्स बेक ने बताया जच्चा-बच्चा की जीवन रक्षा के लिए गर्भावस्था दौरान होने वाली समस्याओं के संकेतो और लक्षणों की पहचान एवं समुचित प्रबंधन के लिए आज 16 जुलाई को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत जिला चिकित्सालय, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में सभी गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच क्लीनिक लगाये जायेंगे।
सी.एम.एच.ओ. डॉ बेक ने गर्भवती महिलाओं/परिजनों से आग्रह किया है कि प्रसव पूर्व चिकित्सीय जांच हेतु नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जाकर गर्भवती की जांच अवश्य करवायें। जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी ने बताया कि गर्भवती महिला का संबंधित संस्था के चिकित्सक द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण-परामर्श अनुसार नैदानिक जाचें की जायेंगी। इसके लिए माईक्रोप्लान तैयार किया गया है। ग्रामीण क्षेत्र में समुदाय के निकट ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के अंतर्गत सेक्टर में आने वाले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में पंजीकृत महिलाओं की विशेष स्वास्थ्य जांच प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में पदस्थ चिकित्सक द्वारा की जायेगी।

### आवारा गौ-वंश की जानकारी दें

दमोह।कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है यदि आपको सड़कों पर, हाईवे पर, किसी ऐसे स्थान पर शहर में, ग्रामीण क्षेत्रों में आवारा गौवंश दिखाई देता है, तो उसका जियो टैग करके उसकी फोटोग्राफ, स्थान के नाम, ग्राम के नाम, शहर के नाम, कॉलोनी के नाम, बस्ती के नाम, वार्ड के नाम के साथ भेजे जायें।
उन्होंने कहा अधिक संख्या में यदि आवारा गौवंश उपलब्ध है, तो उस स्थान पर हम तत्काल संबंधित स्थानीय निकाय से उनको गौशाला में पहुंचने का प्रबंध करेंगे।

### बालिका छात्रावास पथरिया में लगाये पौधे

दमोह। प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वंतत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने आज पथरिया में कन्या कस्तूरबा गांधी बालिका छात्रावास पहुँचकर ‟एक पेड़ माँ के नाम” अभियान के तहत परिसर में पौधा रोपण किया। उन्होंने छात्राओं से चर्चा की उनकी बाते सुनी। श्री पटैल ने छात्राओं से चर्चा के दौरान उनके निवास ग्राम की जानकारी ली। उन्होनें छात्राओं से खूब पढ़ने का आवाहन करते हुये कहा मेहनत, लगन और निष्ठा से पढ़े, सफलता अवश्य मिलेगी। छात्रावास की बाऊंड्रीवाल और विद्युत आदि विषयों पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाही करने के निर्देश दिए।

## शंकराचार्य जी के आतिथ्य में हुआ सामूहिक कन्या विवाह सम्मेलन

# 2 बौद्ध, 15 निकाह सहित 625 जोड़े विवाह बंधन में बंधे

**बड़ों की आज्ञा का पालन करते हुये खुशी-खुशी अपने परिवार में रहेः जगतगुरू शंकराचार्य स्वामी नरेन्द्रानंद सरस्वती जी महाराज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

वर-वधु दांपत्य जीवन के रूप में अपने गृहस्थ आश्रम में प्रवेश कर रहे हैं। वैदिक सनातन हिंदू धर्म के आधार पर चार आश्रमों का निरूपण है, जिसमें पहले आश्रम ब्रह्मचर्य आश्रम है, जिसमें शिक्षा ग्रहण करते हैं, दूसरा गृहस्थ आश्रम है गृहस्थ आश्रम को सब आश्रमों से श्रेष्ठ कहा गया है, द्वितीय आश्रम में आप नव प्रवेश कर रहे हैं। इस आशय के विचार आज स्थानीय कृषि उपज मंडी में आयोजित मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम में काशी सुमेरू पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती जी महाराज ने व्यक्त किये। उन्होंने कहा आपने शिक्षा ली है, लेकिन घर में चाहे बेटा हो या बहू हो घर में प्रवेश करने के साथ-साथ सास से बहुओं को झगड़ा नहीं करना चाहिए, शांति का बर्ताव करना चाहिए और बड़े लोग यदि कुछ कहते हैं, तो उसको श्रवण कर लेना चाहिए। यदि एक प्रश्न पर चार बात आप उल्टी करेंगे तो घर की प्रायः शांति भंग होगी। घर में सुखद वातावरण हो, परिवार का वातावरण शांति मय हो इसके लिये बड़ो की आज्ञा का पालन करते हुये खुशी-खुशी अपने परिवार में रहें।




इस अवसर पर प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने कहा मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह में जो आज शादी के बंधन में बंधे है ऐसे वर-वधुओं को शुभकामनाएं और बहुत-बहुत बधाई। आज का यह कार्यक्रम निश्चित रूप से इतिहास में दर्ज होगा और दमोह जिले में अभी तक लगभग साढ़े तीन हजार शादियां हो चुकी हैं, हटा विधानसभा में सामूहिक विवाह समारोह है, अभी तक की जानकारी अनुसार वहां पर लगभग 400-450 शादियां होने वाली है, इसका मतलब सामूहिक विवाह में लगभग 4 हजार वर-वधु दाम्पत्य जीवन के बंधन में बधेंगे और मध्य प्रदेश शासन की इस योजना में यदि हम मानलें कि 4 हजार लोगों को लगभग 20 करोड रुपए की राशि सभी वर-वधुओं के खातों में जाएगी जो एक बहुत बड़ी रकम है, जो उनके जीवन में आगे काम में आएगी।

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कृषि उपज मंडी में आयोजित हो रहे सामूहिक विवाह सम्मेलन में पहुंचकर नव दंपत्तियों को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की सभी नव दंपत्ति सुखी, स्वस्थ और समृद्ध हो। दमोह सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा जब शादी हो जाती है, तो पिता कर्ज तले दब जाता है, मेरा, कहना है यह जो पश्चिमी सभ्यता चल रही है, इसको छोड़कर जो हमारी संस्कृति है, उसको ध्यान रखते हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शादी करें, मंदिर से शादी करायें और जो पैसा बचे उसको किसी व्यवसाय में या किसी सामान को लेने में लगाये, इससे हमारी आर्थिक स्थिति सुधरेगी।

पूर्व वित्त मंत्री एवं विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा जो वर-वधु वैवाहिक सूत्र में बंध रहे हैं उनका जीवन सुखी हो, वे दीर्घायु हो और परिवार में उनके हमेशा सुख और संतोष बना रहे ऐसा प्रभु से प्रार्थना करता हूं। श्री मलैया ने कहा सबसे पहले पूर्व मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना प्रारंभ की थी और यह बहुत खुशी की बात है कि हमारे मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने इसके तहत मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की शुरुआत की है।

डॉ. सुधा मलैया ने वर-वधुओं से कहा आज का दिन पूरे जीवन में महत्वपूर्ण होता है, यह दिन यादगार बनकर रहे, खुशनुमा जिंदगी आप लोग जिये, आपका जीवन खुशमय रहे, प्रेममय रहे, परिवार में प्यार के साथ जीवन बितायें, अपने जीवन में जो आप चाहते है वह आप पा सकें, सफलता आपके कदम चूमें ऐसी शुभकामनाओं के साथ आप सभी वर-वधुओं को शुभकामनाएं दी।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती, प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, म.प्र.राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, विधायक हटा उमादेवी खटीक, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह, पूर्व विधायक हटा पी.एल. तंतुवाय, जनपद पंचायत अध्यक्ष प्रीति राजू कमल ठाकुर, विवेक शैण्डे, राजेंद्र गुरु, रामेश्वर चौधरी, कविता राय, जनपद उपाध्यक्ष कंचन दीपक सिंह परिहार, जनपद सदस्य पप्पू ठाकुर, राजू कमल ठाकुर, सुरेश पटैल, रमन खत्री, कपिल सोनी, राघवेन्द्र सिंह परिहार, चरन पटैल, दीपक मिश्रा, सुनील गौतम, महेन्द्र जैन, प्रभात सेठ, कविता राय, याशपाल सिंह ठाकुर, हरिश्चन्द्र पटैल, प्रिंस जैन, मनीष तिवारी, अखिलेश हजारी, सुनील डवुल्या, मोंटी रैकवार, संजय सेन, गुड्डू पटेल आलोक गोस्वामी, सेतु पंडा, गौरव पटेल, जिला पंचायत सीईओ अर्पित वर्मा, एएसपी संदीप मिश्रा, एसडीएम आर एल बागरी, सीएसपी अभिषेक तिवारी, तहसीलदार मोहित जैन, जनपद पंचायत सीईओ पूनम दुबे, पुलिस और प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारीगण सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, आमजन, वर-वधु के अभिभावकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन संजय सेन और मोंटी रैकवार ने किया।

## घटिया निर्माण रोकने पर ठेकेदार ने चलाई गोलियां

**दहशत का माहौल, स्कॉर्पियो जब्त, आरोपी फरार**

पथरिया। नगर के वार्ड नं 06-07 में सीसी सड़क निर्माण कार्य में सामग्री की गुणवत्ता विहीन होने पर रोकने पहुंचे स्थानीय लोगो से ठेकेदार का विवाद हो गया। उनके बीच कहां सुनी हुई जिसमें ठेकेदार और उसके कर्मचारियों ने स्थानीय युवाओं के साथ मारपीट कर दी और वहां से भाग निकले। इसी बीच ठेकेदार अपने कुछ लोगों के साथ स्कॉर्पियो से वापस पथरिया आया और लुहारों की पुलिया से संजय चौराहे तक गोलियां चलाकर क्षेत्र में दहशत फैलाई। इस दौरान ठेकेदार की पिस्टल की मैगजीन सड़क पर गिर गई, जिसे युवाओं ने ले जाकर पुलिस को सौंप दिया। खबर मिलने के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई है आरोपियों की स्कॉर्पियो को पुलिस ने गढ़ाकोटा मार्ग पर एक ढाबे के पास से जब्त कर दिया है, लेकिन आरोपी वहां से फरार हो गए हैं। वहीं स्थानीय युवा बालकिशन पटेल, आकाश पटेल, अरविंद पटेल का कहना है कि हम सीसी निर्माण देखने पहुंचे तो उन्होंने देखा की रेत की जगह डस्ट मिलाई जा रही है। घटिया निर्माण पर आपत्ति जताई तो ठेकेदार और उसके कर्मचारियों ने युवाओं के साथ मारपीट कर दी एक आरोपी ने बालकिशन के हाथ में भी काटा युवाओं ने जब विरोध जताया तो ठेकेदार वहां से भाग निकला। घायल युवक यहां से सीधे पथरिया थाने शिकायत करने पहुंचे।



## बादंकपुर धाम में सुविधायुक्त विशिष्ट अतिथि विश्राम गृह का हुआ शुभारंभ



बनवार। दमोह जिले के बांदकपुर में स्थित बुंदेलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री देव जागेश्वर नाथ धाम मंदिर कमेटी द्वारा डेढ़ करोड़ की लागत से सर्व सुविधा युक्त विशिष्ट अतिथि विश्रामगृह का शुभारंभ गृह प्रवेश पूजन के साथ संपन्न हुआ। यह विश्रामगृह श्री त्रियंवकेश्वर विश्राम गृह नाम से जाना जाएगा। अतिथि विश्रामगृह का गृह प्रवेश मंदिर समिति के सदस्य प्रबंधक के साथ संस्कृत वेदांग विद्यालय के प्राचार्य एवं छात्रों की मौजूदगी में हुआ। इस अवसर पर भवन निर्माण करने वाले सभी लोगों का तिलक लगाकर सम्मान किया गया। बता दें देव श्री जागेश्वर नाथ धाम बांदकपुर में निरंतर सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। मंदिर के विकास के लिए जहां मंदिर ट्रस्ट के द्वारा प्रयास किया जा रहे हैं वहीं संस्कृति पर्यटन मंत्रालय के द्वारा बांदकपुर कॉरिडोर निर्माण की आधारशिला जल्द ही रखने वाली है।

## भाट खमरिया हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नत करने की मांग

बनवार। जबेरा विकासखंड के ग्राम भाट खमरिया संचालित शासकीय हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी में उन्नयन करने की मांग को लेकर एक बार फिर जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर सुजान सिंह ने शासन प्रशासन से की है उन्होंने कहा इसकी मांग दर्जनों गांव के ग्रामीणों छात्र-छात्राओं के पालक के द्वारा लगातार करते चले आ रहे हैं लेकिन अभी तक उनकी मांग को पूरा नहीं किया गया है उन्होंने बताया भाट खमरिया कलेराखेड़ा पिपरिया जुगराज घाना मैली मगरई जलहरी दर्जनों गांव के छात्र-छात्राओं को नवमी दशमी की शिक्षा तो भाट खमरिया में संचालित हाई स्कूल में मिल जाती है लेकिन 8 से 10 किलोमीटर की दूरी पर हायर सेकेंडरी स्कूल नहीं होने से इन गांव के लगभग 150 से अधिक छात्र-छात्राओं को हाई सेकेंडरी की शिक्षा ग्रहण करने के लिए जबेरा हायर सेकेंडरी स्कूल जाना पड़ता है जिसकी दूरी करीब 8 से 10 किलोमीटर है जिससे सबसे ज्यादा परेशानियों का सामना छात्राओं को करना पड़ता है स्कूल जाने के लिए सैकड़ो छात्र-छात्राएं कलेहरा बस स्टैंड मैं बसों के इंतजार में खड़ी रहती हैं यही हाल जबेरा हायर सेकेंडरी विद्यालय की छुट्टी होने पर घर वापिस आने के लिए जबेरा बस स्टैंड पर देखा जा सकता है छात्राओं के अधिकांश अभिभावक इस परेशानी के चलते दसवीं के बाद बच्चियों नाम कटवा देते हैं और घर बैठा देते है क्योंकि रोजाना छात्राओं का बस से सफर करना उन्हें ना गवार गुजरता है रोज-रोज से सफर करना आने को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है कभी बस नहीं मिलती है तो कभी बस लेट लतीफ से मिलती है बस मिलने पर जबेरा हायर सेकंडरी विद्यालय में एक दो पीरियड पढ़ाई करने के बाद छात्र-छात्राएं पुनःघर आने के लिए बस स्टैंड पर खड़ी हो जाती हैं जब छात्र-छात्राओं से रोज-रोज हायर सेकेंडरी की पढ़ाई करने के लिए जबेरा अप डाउन करने की परेशानी के बारे में पूछा गया तो छात्र-छात्राओं का कहना है भाट खमरिया हाई स्कूल का हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन कर दिया जाए तो हमारी रोज-रोज अप डाउन करने की परेशानी से मुक्ति मिल जाएगी और अप डाउन करने में जो समय की बर्बादी होती है वह समय हम लोगों के लिए पढ़ाई करने के लिए मिल जाएगा जनपद उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर सुजान सिंह का कहना है भाट खमरिया हाई स्कूल का हायर सेकेंडरी स्कूल में उन्नयन करना बेहद जरूरी है इसके लिए आसपास की ग्राम पंचायत का प्रस्ताव बनाकर छात्र-छात्राओं की परेशानी दूर करने के लिए हाई हाई स्कूल को हायर सेकेंडरी स्कूल मैं उन्नयन करने की मांग पत्राचार के माध्यम से शिक्षा मंत्रालय जिला प्रशासन से करूंगा जिससे हाई स्कूल भाट खमरिया का हायर सेकेंडरी मैं उन्नयन होने से 11वीं 12वीं की शिक्षा दर्जनों गांव के छात्र-छात्राओं को कम दूरी में गांव में ही मिलने लगेगी । उनकी पढ़ाई का सपना पूरा हो सके बाहर जाने के कारण लड़कियों को बीच में पढ़ाई छोड़ना न पड़े।

## दो कोटवारो को स्कूटी सवार बदमाशों ने लूटा

दमोह। शादी विवाह की भरमार के बीच बदमाशों के भी सक्रिय रहने तथा चोरी एवं लूट जैसी वारदात को अंजाम दिए जाने के दो घटनाक्रम सामने आए हैं। बाईपास पर दो कोर्ट वालों को चाकू बंदूक की नोक पर लूटे जाने का मामला सामने आया है वही कॉलोनी क्षेत्र में सूने घर से सोने चांादी के जेवर सहित करीब 50 हजार रुपए की चोरी की घटना सामने आई है। विलंब से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात जबलपुर नाका चौकी क्षेत्र अंतर्गत बाईपास पर चर्चित बलराम ढावा के पास दो पटवारी लूट के शिकार हो गए। पीड़ित कोटवार कोरोसा नीकेश बंसल और बरमासा कोटवार इंद्र कुमार अठया ने बताया कि हम लोग रविवार रात शादी में शामिल होने के लिए जा रहे थे। इस दौरान बलराम ढाबा के पास बाइक रोकते ही लाल स्कूटी पर सवार दो बदमाश आकर रुके। और उन्होंने कट्टे चाकू दिखाकर हम दोनों कोटवारों के पर्स में रखे करीब 8000 रुपए लूटकर धमकाते हुए भाग गए। बाद में दोनों कोटवारों ने जबलपुर नाका चौकी पहुंच कर घटना की जानकारी पुरुष को देते हुए शिकायत दर्ज कराने की जानकारी सामने आई है।

## विस्थापित ग्रामों की कृषि भूमि पर तैयार कर रहे घास के मैदान

**टाइगर के बाघों के लिए बढ़ाएंगे अनुकूल वातावरण**



तेंदूखेड़ा। बारिश शुरू होते ही वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व सहित सभी जंगलों ने प्राकृतिक रूप से तो हरियाली की चादर ओढ़ ली है लेकिन टाइगर रिजर्व प्रबंधन द्वारा बारिश में यहां पर घास के मैदान तैयार किए जा रहे हैं। टाइगर रिजर्व में ग्रामों का विस्थापन होने से खेती की जमीन खाली हो गई है, जहां पर घास के मैदान तैयार किए जा रहे हैं जो कि टाइगर रिजर्व में बाघों के लिए अनुकूलता बढ़ाएंगे। दरअसल टाइगर रिजर्व में बढ़ रही बाघों की संख्या के कारण उनके आहार के लिए शाकाहारी वन्यप्राणियों का बढ़ना भी जरूरी है। फिलहाल समय-समय पर दूसरे टाइगर रिजर्व से शाकाहारी वन्यप्राणी लाए जाते हैं लेकिन टाइगर रिजर्व में ही घास के मैदान तैयार होने से शाकाहारी वन्यप्राणियों में बढ़ोत्तरी होगी। घास के मैदान न केवल शाकाहारी वन्यप्राणियों को आहार देते हैं इससे जंगल का तापमान नियंत्रित रहता है और जंगल में होने वाले मिट्टी का कटाव भी रुकता है। टाइगर रिजर्व के संयुक्त संचालक डॉ. एए अंसारी का कहना है कि घास का मैदान बाघों के संरक्षण में मूलभूत व्यवस्था है। शाकाहारी वन्यप्राणी घास के मैदानों पर ही निर्भर है। जंगल में जितना अच्छा घास होगा, उतनी अधिक संख्या शाकाहारी वन्यप्राणियों की होगी। वर्तमान में मानसून के समय पर सबसे ज्यादा हम लोग घास के मैदान पर फोकस करते हैं आपको बता दें कि टाइगर रिजर्व बाघों और सहित जंगली जानवरों से आबाद है और यहां पर लगातार बाघों का कुनबा बढ़ रहा है साथ ही यह टाइगर रिजर्व क्षेत्रफल से भी प्रदेश का सबसे बड़ा टाइगर रिजर्व है।

## मकान पर आकाशीय बिजली गिरने से गृहस्थी का सामान हुआ खराब



हटा। अनुविभाग के गैसाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बरखेरा कलार ग्राम में आकाशीय बिजली गिरने से मकान सहित गृहस्थी का सामान क्षतिग्रस्त हो गया।जानकारी के अनुसार गैसाबाद थाना क्षेत्र के बरखेरा कलार गांव में सोमवार सुबह लीलाधर विश्वकर्मा के मकान की छत पर आकाशीय बिजली गिर गई,बिजली गिरने से मकान का छत टूटकर नीचे आ गिरा जिससे घर मे रखी गृहस्थी का सामान,अनाज,फर्नीचर आदि सामग्री क्षतिग्रस्त हो गया वहीं हादसे में घर के लोग बाल बाल बचे बताया जा रहा बारिश होने पर अचानक लाइट चली गई और घर के अंदर सो रहे सदस्य बाहर पंखा लेने निकले तभी मकान पर आकाशीय बिजली गिर गई गनीमत रही हादसे में कोई जनहानि नही हुई।घटना की सूचना गैसाबाद थाना पुलिस और नायब तहसीलदार हटा को दी गई है, पीड़ित परिवार द्वारा शासन से नुकसान की भरपाई करानें मुआवजे की मांग की गई।

## सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र में रात्रि कालीन सेवाए ठप्प, फोन से हो रही डाक्टरी

हिंडोरिया। दमोह जिला का सबसे बड़ा एवं प्राचीन सामुदायक स्वस्थ केंद्र में वर्तमान मे रात्रि कालीन स्वास्थ्य सेवाए पूर्णतः ठप्प हो कर रह गई है। रात्रि कालीन ड्यूटी पर डॉक्टरों एवं स्वस्थ कर्मियों के आये दिन केन्द्र से नदारत रहने से मरीज बगैर इलाज कराए लौटने को मजबूर हो रहे है। रात्री मे डियूटी पर तैनात डाक्टर मोबाईल से इलाज कर रहे हैं। गांव से आए दीपक, अजय ने बताया की जब रात्रि में सरकारी अस्पताल में जाते है तो यहां ड्यूटी पर तैनात स्वस्थ कर्मी नही मिलते। यहां पर ड्यूटी कक्ष में खाली कुर्सिए ही रखी दिखाई देती है। जिससे बगैर इलाज कराए नगर के प्राइवेट डॉक्टरों के पास इलाज कराने जाना पढ़ता है। जिससे समय एवं पैसा भी अधिक खर्च होता है। अस्पताल में तैनात स्वस्थ कर्मियों की अनदेखी से अधिकांश लोग स्वस्थ सेवाओं से वंचित है। अधिकांश मरीज बिना चादर के बेड पर लेटे रहते है । इसके अलावा रात्रि में ड्रेसर न होने से प्राथमिक उपचार भी घायलों को बामुश्किल मिल पाता है। मरीज श्रीयांशा ने बताया की मैं रविवार की रात्रि में १ बजे अपने परिजनों के



साथ अस्पताल पहुंची। मुझे उलटी एवं पेट दर्द था। वहां ड्यूटी पर तैनात कोई भी स्वस्थ कर्मी नही मिला । मैं वहा सभी जगह देखती रही। इसके बाद रात्रि में निजी क्लीनिक में जाकर मजबूरन इलाज कराया।

### ओ.पी.डी में समय से नहीं आते डॉक्टर

केन्द्र मे गांव से आई गोपी बाई ने बताया की मुझे पेट में गैस की समस्या है मैं सुबह आठ बजे अस्पताल आ गई थी । परंतु यहां पर डॉक्टर १० बजे के बाद आए। जबकि ओ°पी°डी खुलने का समय ९ बजे से दोपहर १:४५ तक है। शाम को ५ से ६ है। किंतु अस्पताल में डॉक्टर चूंकि रोज अपनापन कर दमोह से आते है। जिससे यह लोग दो घंटा लेट आते है। इस कारण मरीजों को लाइन में खड़ा होकर घंटो इंतजार करना पढ़ता है। डॉक्टर श्रेणिक बजाज ने बताया की ओ. पी . डी में १२० से १५० तक मरीज रोजाना आ रहे है । इसमें सर्दी बुखार के ज्यादा मरीज आ रहे है। इसके साथ ही पेट दर्द, डायरिया के भी मरीज आ रहे है। उन्होंने कहा की सभी पानी उबालकर पिए। खटाई का उपयोग कम से कम करें। बाजारू दूषित खाली पदार्थ खाने से बचें । सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करे।

### ड्यूटी पर लापरवाही बर्दास्त नहीः अमित मिश्रा

बी.एम.ओ डॉक्टर अमित मिश्रा का इस संबंध में कहना है की ड्यूटी पर तैनात कर्मचारियों की लापरवाही बर्दास्त नही की जाएगी । मैं अभी दिखवाता हूं की रात्रि ड्यूटी में कोन था। इसके साथ ओ°पी°डी के संबंध में डॉक्टरों को समझाइश दी जाएगी। और इसके बाद भी यदि कोई समय पर नहीं आता तो उसके खिलाफ नोटिस देकर कार्यवाही की जायेगी। अस्पताल में चादर पर्याप्त है। हो सकता कि मरीज खुद ही अपने घर से लाए हुए चादर का शायद इस्तेमाल करते है।

**आम सूचना**

शपथकर्ता बड़ीबहू पति श्री प्रीतम विश्वकर्मा निवासी ग्राम सगौनी उपाध्याय तह पटेरा जिला दमोह ने शपथपूर्वक कथन किया है कि पोस्ट आफिस में उनका नाम कमलरानी पति श्री प्रीतम लाल दर्ज है जबकि उनके आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में सही नाम बड़ीबहु पति श्री प्रीतम विश्वकर्मा दर्ज है। उक्त दोनो नाम मेरे ही है व दोनो नाम से पहचाना जाता है। अतः मेरे अन्य दस्तावेजों के अनुसार पोस्ट आफिस में भी बड़ीबहू पति प्रीतम विश्वकर्मा दर्ज किया जाये।

शपथकर्ता -
बड़ीबहू उफ कमलरानी पति प्रीतम विश्वकर्मा नि. सगौनी उपाध्याय, तह पटेरा जिला दमोह

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार कुलवंत सिंह वाधवा साकिन मागंज वार्ड नं. 01, तहसील व जिला दमोह ने द्वारा लक्ष्मीरानी बेवा नन्नाई दुबे साकिन बरबांसा तहसील दमोह के पटवारी हल्का नं. 18 खसरा नं. 264/1/1 रकबा 0.4600 हेक्टेयर एवं सरोज दुबे पति महेश दुबे साकिन बरबांसा के खसरा नं. 264/1/2 एरिया 1.0000 हेक्टेयर एवं महेश, अशोक, मनोज पिता कन्हैया लाल एवं राजकुमार पिता कन्हैयालाल तथा रेखा पुत्री कन्हैयालाल और केशरबाई बेवा कन्हैयालाल साकिन बरबांसा तहसील व जिला दमोह के खसरा नं. 264 / 2 एरिया 0.6900 हेक्टेयर एवं मिट्ठू पिता रामदयाल काछी साकिन बारबांसा के ग्राम बरबांसा की कृषि भूमि खसरा नं. 263/1/2/1 एरिया 0.0900 हेक्टेयर क्रय करने का अनुबंध पत्र निष्पादित किया जा चुका है। जिसका निकट भविष्य में बैनामा होना शेष है ।उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, फर्म बैंक, शासकीय, अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय आदि को कोई भी आपत्ति हो, तो दस्तावेजों सहित प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें, समय सीमा पश्चात आपत्ति मान्य नहीं होगी ।और मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का पंजीयन करा लिया जायेगा ।

दमोह, दिनांक 16.07.2024

अधिवक्ता
रमेश कुमार अग्रवाल (एडव्होकेट)
निवास/कार्या.- धगट चौराहा नया बाजार नं. 03, दमोह
फोन नंबर - 9425405600